दैनिक
बढ़ता राजस्थान
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 284 | टोंक | शनिवार,29 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

नीट पेपर लीक-सीबीआई ने झारखंड से 3 आरोपी गिरफ्तार किए

इनमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल-वाइस प्रिंसिपल; स्कूल में क्वेश्चन पेपर पैकेट खोले जाने का शक

बढ़ता राजस्थान

पटना/रांची। नीट पेपर लीक केस में शुक्रवार (28 जून) को झारखंड के हजारीबाग से सीबीआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन हैं। एजेंसी तीनों को झारखंड से बिहार ला रही है। इस केस में 27 जून को बिहार के पटना से एजेंसी ने 2 लोगों को अरेस्ट किया था।

एहसान उल हक समेत 3 लोगों से सीबीआई ने शुक्रवार को दिनभर पूछताछ की। अब उन्हें स्पॉट पर ले जाकर टीम सबूतों को पुख्ता करेगी। सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 3 मई को नीट के क्वेश्चन पेपर कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाए गए। इसके बाद यहां से बैंक भेजे गए। संदेह है कि क्वेश्चन पेपर का पैकेट स्कूल में ही खोला गया था।

ओएसिस स्कूल से ही यूजीसी नेट पेपर लीक का भी शक

जब स्कूल में पूछताछ चल रही थी, तब एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने भी कुछ सबूत इकट्ठे किए हैं। एक अन्य जानकारी यूजीसी नेट से भी जुड़ी है, जो इसी स्कूल (ओएसिस) की है। यूजीसी नेट परीक्षा भी इसी सेंटर पर हुई थी। इसी स्कूल से नेट के प्रश्नपत्र लीक होने का शक भी है। आज टीम ने स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सह सेंटर सुपरिंटेंडेंट इम्तियाज आलम का एक मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। एजेंसी को शक है कि ओएसिस स्कूल से ही पेपर लीक किया गया है।

चिंटू और मुकेश को लेकर रॉकी के घर पहुंची सीबीआई

पटना में शुक्रवार को ही सीबीआई आरोपी चिंटू और मुकेश को साथ लेकर उनके दोस्त रॉकी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि पटना के कंकड़बाग में रॉकी के घर से कई सबूत हाथ लगे हैं। चिंटू की देवघर में गिरफ्तारी के बाद रॉकी फरार हो गया था। सीबीआई ने चिंटू, मुकेश, आशुतोष और मनीष कुमार के मोबाइल की जांच की। पता चला कि ये सभी आरोपी पिछले 6 महीने से आपस में संपर्क में थे। हर आरोपी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी।

27 जून को 2 आरोपी अरेस्ट हुए थे

इससे पहले नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया था। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रातभर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले 3 दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक 5 राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं।

नीट पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

कांग्रेस अध्यक्ष वेल में पहुंचे; सभापति धनखड़ बोले- यह संसदीय इतिहास पर काला धब्बा

नई दिल्ली (एजेंसी)

संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार (28 जून) को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया। दरअसल, विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। जबकि राज्य सभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राज्य सभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं। नीट मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खड़गे सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी।

खड़गे सदन से बाहर आकर बोले कि यह चेयरमैन की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन, तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा।

यूएस में पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट, ट्रम्प ने बाइडेन को हराया

4 साल पुरानी हार का बदला लिया, बहस के दौरान खांसते-अटकते दिखे राष्ट्रपति

वॉशिंगटन(एजेंसी)

अमेरिका में शुकवार(28 जून) को राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई। 81 साल के हो चुके बाइडेन के लिए खुद को डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का सही उम्मीदवार साबित करने के लिए यह सबसे बेहतरीन मौका था।

हालांकि, 75 मिनट की डिबेट के बाद अमेरिका के सबसे बड़े मीडिया हाउस में शुमार न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉशिंगटन पोस्ट और डिबेट होस्ट करने वाले सीएनएन ने इसमें ट्रम्प को विजेता घोषित किया। विश्लेषकों ने कहा कि बहस के दौरान बाइडेन बार-बार अपनी बात रखने में अटक रहे थे, वे लगातार खांस रहे थे और ट्रम्प के आरोपों का जवाब नहीं दे पा रहे थे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, बाइडेन की इस परफॉर्मेंस के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता राष्ट्रपति पद के लिए उनकी दावेदारी पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि बाइडेन चुनाव से पहले अगले 4 महीने तक होने वाले कैंपेन को भी पूरा नहीं कर पाएंगे।

प्रदेश में मानसून से झमाझम...

- झुंझुनूं में करंट की चपेट में आए 5 लोग, 1 बहा, सिरोही में नदी में पलटा ट्रैक्टर
- बाड़मेर-जैसलमेर में कॉलोनियां डूबीं, पुल बहने से रास्ता बंद

जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान के 20 जिलों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। जोधपुर, बूंदी, जैसलमेर, सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, कोटा, दौसा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद, सीकर, भरतपुर समेत कई जिलों में बरसात हो रही है। झुंझुनूं में शुक्रवार को तेज बरसात हुई। इस दौरान कोतवाली थाना इलाके में पंचदेव मंदिर के पास 5 लोग करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान सड़क पर घुटनों तक तेज बहाव के साथ पानी बह रहा था। करंट का झटका लगने के बाद 3 लोग पानी में गिर गए और बहने लगे। 2 लोगों को 200 मीटर बहने के बाद लोगों ने बाहर निकाल लिया, जबकि 1 व्यक्ति बह गया। उसकी मौत हो गई।

पानी में बहने लगा बाइक सवार युवक

जोधपुर में 30 मिनट तक हुई तेज बारिश से भीतरी शहर में सड़कों पर पानी बहने लगा। चांदपोल विद्याशाला के पास पानी के तेज बहाव में बाइक सवार युवक गिर गया और उसकी बाइक बहने लगी। आसपास के लोगों ने उसे बचाया। त्रिपोलिया बाजार में भी सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी बहने लगा।

झुंझुनूं में करंट की चपेट में आए 5 लोग, 1 पानी में बहा

झुंझुनूं के कोतवाली थाना इलाके में पंचदेव मंदिर के पास जूस की दुकान पर बैठे 5 लोग करंट की चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आकर 3 लोग पानी में बह गए। 2 लोगों को 200 मीटर बहने के बाद लोगों ने बाहर निकाल लिया, जबकि 1 व्यक्ति 1 किलोमीटर बहकर चला गया। उसकी मौत हो गई। चश्मदीद महेंद्र सिंह सैनी ने बताया- पांचों लोग अन्नू जूस सेंटर की लोहे की केबिन में बैठे थे। इस दौरान तेज बारिश आ रही थी और सड़क पर घुटनों तक तेज बहाव के साथ पानी बह रहा था। दुकान के पास ही बिजली का लोहे का पोल था। पोल में करंट फैला तो दुकान में बैठे पांचों लोग भी चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आकर 3 लोग पानी में गिर पड़े और बहने लगे। दो लोगों को 200 मीटर बहने के बाद लोगों ने निकाल लिए। उन्होंने बताया- तीसरा व्यक्ति पंचदेव मंदिर से बहते हुए 1 किलोमीटर दूर खेमीशक्ति मंदिर से भी आगे निकल गया। उसकी मौत हो गई। मृतक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जबकि दोनों घायलों जगदीश प्रसाद (59) निवासी देसूसर (बगड़ थाना) और मनीष (27) निवासी वार्ड 22, बसंत विहार, झुंझुनूं को डीके हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सिरोही में नदी के तेज बहाव से पलटा ट्रैक्टर-सिरोही जिले में तेज बारिश के बाद बरलूट थाना क्षेत्र में तेज बहाव के साथ नदी बहने लगी है। गोल गांव में सड़क पर बनी रपट पर पानी का बहाव तेज होने के बाद भी ट्रैक्टर ड्राइवर ने सड़क पार की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर रपट के नीचे जाकर पलट गया।

राजस्थान के 20 जिलों में मानसून की एंट्री-28 जून तक देश के 26 राज्यों/8 केंद्र शासित प्रदेशों में मानसून पहुंच गया है। अब तक राजस्थान के 20 जिलों में मानसून की एंट्री हुई है।

सिरोही में नदी के तेज बहाव से पलटा ट्रैक्टर-सिरोही जिले में तेज बारिश के बाद बरलूट थाना क्षेत्र में तेज बहाव के साथ नदी बहने लगी है। गोल गांव में सड़क पर बनी रपट पर पानी का बहाव तेज होने के बाद भी ट्रैक्टर ड्राइवर ने सड़क पार की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर रपट के नीचे जाकर पलट गया।

जोधपुर में बाइक सवार तेज पानी में बहा-जोधपुर के भीतरी शहर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी बहने लगा। चांदपोल विद्याशाला के पास जोरदार पानी में बाइक सवार गिर गया और उसकी बाइक बहने लगी। आसपास के लोगों ने उसे बमुश्किल से बचाया।

राजस्थान में कहां-कहां हुई मानसून की एंट्री-राजस्थान में अब तक धौलपुर, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, जालोर, पाली, अजमेर, करौली, जयपुर, जोधपुर, बाड़मेर, सीकर, चूरू, अलवर, नागौर, जैसलमेर और झुंझुनूं में भी मानसून की एंट्री हो गई है।

फर्जी महिला एसआई के घर मिले 7 लाख रुपए

जयपुर। राजस्थान पुलिस अकादमी में फर्जी सब इंस्पेक्टर (एसआई) बनकर ट्रेनिंग करने वाली मोना के घर पर गुरुवार देर रात शास्त्री नगर थाना पुलिस ने सर्च किया। इस दौरान मोना के घर से पुलिस की कई वर्दियां, इंटरनल एग्जाम के पेपर और 7 लाख रुपए समेत अन्य सामान मिला है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डूडी डोगरा ने बताया- नागौर जिले के निम्बा के बास की रहने वाली मोना बुगालिया उर्फ मूली के खिलाफ कार्रवाई की गई है। युवती ने फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर आरपीए में ट्रेनिंग करने वाले रही थी। इसका खुलासा होने के बाद से वह फरार चल रही है। डोगरा ने बताया कोर्ट की ओर से गुरुवार देर शाम सर्च वारंट मिला। इसके बाद रात 9 बजे शास्त्री नगर के मेजर शौतान सिंह कॉलोनी स्थित मोना के किराए के कमरे पर सर्च किया गया। तलाशी में कमरे में 7 लाख रुपए, तीन वर्दी, आरपीए के इंटरनल एग्जाम के पेपर और अन्य डॉक्युमेंट मिले।

पुलिस टीम ने सर्च में मिली सभी चीजों को जब्त कर किया है। 29 सितंबर 2023 को आरपीए के आरआई रमेश चंद ने मूली उर्फ मोना के खिलाफ शास्त्री नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

हेमंत सोरेन 5 महीने बाद जेल से बाहर आए

बोले- न्याय प्रक्रिया बहुत लंबी, जमानत के साथ हाईकोर्ट ने कहा- पूर्व सीएम के खिलाफ सबूत नहीं

रांची(बढ़ता राजस्थान)

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार 28 जून को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे झूठे आरोपों में 5 महीने जेल के अंदर रखा गया। सुनियोजित तरीके से लोगों की आवाज दबाई जा रही है। दिल्ली में मुख्यमंत्री जेल में बंद है। मंत्रियों को जेल में डाल दिया जा रहा है। न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि न्याय मिलने में कई महीने लग रहे हैं। मेरे मामले में कोर्ट का आदेश आज सभी को मिलेगा। उसे देखना चाहिए। कोर्ट के आदेश का आपको आंकलन करना चाहिए। देखना चाहिए कि उसमें क्या कहा गया है। आज मेरी जेल यात्रा खत्म हुई।

हाईकोर्ट ने कहा- पूर्व सीएम के खिलाफ ठोस सबूत नहीं

हेमंत को शुक्रवार सुबह ही जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिली। कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले। हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि वे प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद सोरेन के सरकारी आवास में मिठाई बांटी गईं। हेमंत को इस मामले में 31 जनवरी की रात श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो चुकी थी। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में पिछले तीन दिन सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

भारत पर धार्मिक भेदभाव के आरोपों पर आया विदेश मंत्रालय का रिएक्शन

नई दिल्ली (बढ़ता राजस्थान)

भारत पर अमेरिकी विदेश विभाग की 2023 की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमने अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा 2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी रिपोर्ट जारी करने पर गौर किया है। पहले की तरह, यह रिपोर्ट गहराई से पक्षपातपूर्ण है, इसमें कमी है। भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ, और स्पष्ट रूप से वोटबैंक के विचारों और मुद्दों के एक निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है, यह हमारे संवैधानिक प्रावधानों और विधिवत अधिनियमित कानूनों के चित्रण तक फैला हुआ है, कुछ मामलों में, कानूनों और विनियमों की वैधता पर सवाल उठाए जाते हैं, जैसा कि उन्हें अधिनियमित करने का विधानमंडलों का अधिकार है। यह रिपोर्ट भारतीय अदालतों द्वारा दिए गए कुछ कानूनी निर्णयों की अखंडता को चुनौती देने के लिए भी अनुचित है उसके पास और भी अधिक कड़े कानून और नियम हैं और वह निश्चित रूप से अपने लिए ऐसे समाधान नहीं सुझाएगा, मानवाधिकार और विविधता का सम्मान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चर्चा का एक वैध विषय रहा है।

2023 में भारत ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में घृणा अपराधों, भारतीय नागरिकों और अन्य अल्पसंख्यकों पर नस्लीय हमलों, पूजा स्थलों पर तोड़फोड़ और लक्ष्यीकरण, कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिंसा और दुर्व्यवहार के साथ-साथ राजनीतिक स्थान के अनुसार कई मामले उठाए हैं।

सम्पादकीय

पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय

बीते कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो हैं ही, इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, उससे लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपर सैटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन बच्चों का होता है, जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) की स्थापना की थी। लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है।

सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्नपत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस.' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा यू.जी.सी. नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर.) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य अनिश्चित हो गए हैं। छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। एन.टी.ए. की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आऊटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं, कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांग की जा रही है। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एन.टी.ए. के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महा विशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं लेकिन वे एन.टी.ए. की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को 2 माह का समय दिया गया है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं।

बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे, तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। एक ही एजेंसी से बार-बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिएं। दरअसल, कोचिंग सैंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाए जाते हैं।

भाजपा को उत्तर प्रदेश में पराजय के बोध से उबरना ही होगा

भाजपा का हर शुभचिंतक अपने अपने स्तर पर गहन समीक्षा कर रहा है किंतु क्या बीजेपी आलाकमान व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनमानस की चिंताओं के साथ खड़े हैं या नहीं। महिलाएं भी अयोध्या पराजय पर चर्चा कर रही हैं कि फ्री राशन, घर, शौचालय, दवाई व राम मंदिर के बाद भी भाजपा क्यों पराजित हो गई? प्रदेश में भाजपा की पराजय के जो मुख्य बिंदु निकलकर सामने आ रहे हैं उसमें प्रत्याशियों का गलत चयन, राजग गठबंधन के नेताओं की गलत बयानबाजी, क्षत्रियों व राजपूतों की नाराजगी को हलके में ले लेना तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में वोट जिहाद का हो जाना आदि तो था ही मीडिया की मानें तो संघ व भाजपा के बीच आतंरिक टकराव भी एक कारण रहा।

मृत्युंजय दीक्षित।

उत्तर प्रदेश की जनता ने 2024 लोकसभा चुनावों में हैरान करने वाले चुनाव परिणाम दिये हैं। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने का नारा दिया था किंतु भाजपा गठबंधन मात्र 37 सीटों पर ही सिमटकर रह गया। भाजपा अयोध्या वाले संसदीय क्षेत्र फैजाबाद तक से हार गई जहाँ प्रभु श्रीराम दिव्य भव्य एव नव्य राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं तथा विविध प्रकार के विकास कार्य चल रहे हैं । ये हार हर किसी को आश्चर्य में डाल रही है। आज भी हर तरफ यही चर्चा हो रही है कि अरे भाजपा फैजाबाद में कैसे हार गई ? आखिर क्यों, फिर यह चर्चा लंबी खिंच जाती है और भाजपा समर्थकों व शुभचिंतकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगती हैं कि अब होगा क्या? वर्तमान समय में जब नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में ऐसे ऐसे अदभुत कार्य हो रहे हैं जिनका प्रभाव हजार साल तक रहने वाला है उस समय संघ नेतृत्व ने इतनी बड़ी गलती क्यों कर दी? क्या वो सच ही मोदी जी का अहंकार तोड़ना चाहते थे या अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मार रहे थे? क्या स्वयं को मातृ संस्था कहने वालों को भी आत्मसंयम का परिचय नहीं देना चाहिए था? ये कठिन प्रश्न मीडिया और सोशल मीडिया में जंगल की आग की तरह फैल चुके हैं। इसे पूरे दावानल में आम सनातनी ठगा सा खड़ा है। प्रदेश में भाजपा की पराजय के साइड इफैक्ट हर तरफ दिखने लगे हैं। जिन जिलों में इंडी गठबंधन के सांसद बने हैं उन जिलों में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई है। सीतापुर जिले में नए बने कांग्रेस सांसद ने थाने में धरना देकर एक नाबालिग अपराधी को थाने से ही छुड़ा लिया। इकरा हसन के समर्थकों ने हिन्दुओं पर हमला बोला और सोनभद्र में एक हिन्दू परिवार घर छोड़ने को विवश है, ऐसी ही अनेक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यव्यहार बढ़ता जा रहा है। राजधानी लखनऊ में वाहन जांच के नाम पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ अभद्रता की गई यद्यपि घटना के बाद ट्रैफिक दारोगा आशुतोष त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। राकेश त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस भाजपा का झंडा लगा देखकर वाहन को रोक रही है जब लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता के साथ इस प्रकार की घटना घटित हो रही है तब प्रदेश के दूसरे जिलों में क्या हाल हो रहा होगा। प्रदेश का पुलिस प्रशासन अभी भी लापरवाही तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त है तथा महिला थाने तक में पीड़ितों से रिश्वत मांगी जा रही है। हालाँकि अकबरनगर का अतिक्रमण हटाकर सरकार ने सख्त प्रशासन की अपनी छवि बचाने का प्रयास किया है। मीडिया की मानें तो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने उप्र के अवध क्षेत्र की सीटों पर जीतने का जोर नहीं लगाया, अगर यहाँ पर ताकत लगा दी जाती तो भाजपा की कम से कम आठ सीटें तो और बढ़ ही जातीं किंतु मेड़ ही खेत से मुँह मोड़ चुकी हो तो क्या ही कहा जाए। आम सनातनी योगी मोदी की कम सीटों से दुखी है और समाचारों में देखता है कि ये संघ के असहयोग के कारण हुआ है तो उसका मन व्यथित होता है और संघ पर दशकों से किया गया विश्वास डगमगा जाता है। अहंकार किसी का भी हो लेकिन केवल योगी या मोदी नहीं, संघ भी हारा है और अस्तित्व की लड़ाई से जूझ रहा हिन्दू भी। लोकसभा चुनावों के मध्य भाजपा व संघ के बीच मनमुटाव के समाचारों, गलत प्रत्याशी के चयन और उससे भी आगे बढ़कर चयनित प्रत्याशी की गलतबयानी के कारण एक सबसे महत्वपूर्ण सीट हाथ से निकल गई, जिसका व्यापक नकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। रामभक्त विपक्ष के निशाने पर हैं, उनपर तंज कसे जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर व अयोध्या के विकास कार्यों पर फेक न्यूज़ फैलाई जा रही है, विपक्ष उसको हवा दे रहा है।

अभी हल्की बारिश में अयोध्या धाम के पुराने रेलवे स्टेशन की बाउंड्रीवाल गिर गई जिसको नए स्टेशन की बताकर विकास कार्यों पर कीचड़ उछाला गया। भला हो समय रहते जागरुक नागरिकों ने उसका खंडन कर दिया। उप्र में योगी ओर केंद्र में मोदी जी कमजोर हो गये तो नुकसान तो हिंदुत्व का ही होना है। संघ अगर अभी नहीं चेता तो उप्र में भी वहीं हालात हो जाएंगे जो केरल से लेकर तमिलनाडु और बंगाल तक हो रहा हैं। गैर बीजेपी शासित राज्यों में भाजपा और संघ के कार्यकताओं की हत्याएं हो रही हैं। संघ को अपनी शाखा तक लगाने तक में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हिंदू जनमानस अपने उत्सव तक नहीं मना पा रहा है। 2022 के विधानसभा चुनावों के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक अपील करी थी कि जरा सी गलती से सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा और 2024 में कुछ लोगों के संकुचित सोच के कारण वही गलती हो गई है। उत्तर प्रदेश में भी जब सपा, बसपा व कांग्रेस आदि दलों की सरकारें हुआ करती थीं तो संघ के स्वयंसेवक जब अपनी शाखा लगाने के लिए पार्कों में जाते थे तब सपा और बसपा के गुंडे व समर्थक भगवा ध्वज उठाकर बहा देते थे और स्वयंसेवकों के साथ दुर्व्यव्यहार किया जाता था। योगी राज मे कम से कम संघ की शाखाएँ सुरक्षित हैं। प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो गांवों में हिन्दू जनमानस अपने घरों में सुंदर कांड व रामचरित मानस का पाठ नहीं करा पाता था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को योगीराज में हो रहे हिन्दू हित के कार्यों पर भी अपनी दृष्टि डालनी चाहिए थी। लगता है कि योगी सरकार के अच्छे कार्य को संघ व संगठन की दृष्टि से नजरअंदाज कर दिया गया। संघ को विचार करना चाहिए कि 2017 के पूर्व प्रदेश के क्या हालात थे और अब क्या हालात हैं? अगर भाजपा और संघ के बीच मनमुटाव को तत्काल कम नहीं किया गया तो प्रदेश में रामराज्य की संकल्पना ध्वस्त हो जाएगी। वर्तमान लोकसभा चुनावों में भाजपा की पराजय का एक बहुत बड़ा कारण प्रशासनिक अधिकारी व सरकारी कर्मचारी भी रहे जो योगी जी से केवल इसलिए छुटकारा पाना चाहते हैं क्योंकि इस सरकार में उन्हें काम करना पड़ता है। इनमें से कुछ खुले आम पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की आड़ में विरोधी दलों के साथ मिल गये और प्रदेश में बीजेपी की सीटें कम करवाने के लिए कोई कोरकसर नहीं छोड़ी। अनेक जगहों से समाचार प्राप्त हो रहे है कि कुछ अधिकारी खुलेआम बीजेपी को हराने के लिए ही काम कर रहे थे। समीक्षा बैठकों में खुलासा हो रहा है कि भाजपा सांसद, विधायकों व जिला टीम के साथ समन्वय व सामंजस्य का पूरी तरह अभाव था। अब जब भाजपा का विशेष जांच दल जिलों में जा रहा है तब उसके सामने ही मारपीट हो रही है।संगठन की तमाम कमियों की जानकारी सामने आ रही है। भारतीय जनता पार्टी जिन पन्ना प्रमुखों को प्रमुखता देती रही है उनमें बहुत से फर्जी निकल गये। संगठनात्मक दृष्टि से पन्ना प्रमुख एक बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा साबित हुआ। लखनऊ जैसे ससंसदीय क्षेत्र में एक भी पन्ना प्रमुख नहीं दिखाई पड़ रहा था तो अन्य जिलों में क्या हश्र हुआ होगा विचारणीय विषय है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की पराजय कष्टकारी है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

वृष
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

मिथुन
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

कर्क
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

सिंह
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें।

कन्या
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

तुला
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

वृश्चिक
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

धनु
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

मकर
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

कुंभ
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

मीन
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा।

शख्सियत

निकुंज सांघी
(ऑटोमोबाइल उद्योगपति)

आज हमारी शख्सियत कॉलम के स्टार हैं निकुंज सांघी सर। जिन्हें अलवर की शान भी कहा जाता है ऑटोमोबाइल सेल्स,सर्विसेज और टेक्नोलॉजी के मास्टर्स के रूप में शुमार हैं। इन्हें ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग में चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ ऑटोमोबाइल लाइन का दिग्गज माना जाता है। वे लगभग सभी बिजनेस टीवी चैनलों और प्रिंट मीडिया पर ऑटोमोबाइल उद्योग से संबंधित मुद्दों पर मुखर रहे हैं, यहाँ एक बात ओर रखना चाहूंगा कि सरकार व प्रसाशन के आगे जैसे व्यसायी अपनी बात को विडंबना के चलते दबे स्वर में कहते हैं लेकिन यहाँ एकदम उल्टा है। सत्य और सार्थक वक्तव्यों को शाशन प्रशासन के सामने वे मजबूती के साथ रखते हैं। ये एक मजबूत व्यवसायी हैं जो कि व्यवसाय योजना, संचालन प्रबंधन, बिक्री और ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) में कुशल हैं। सांघी सर ऑटोमोटिव उद्योग में काम करने के सिद्ध इतिहास वाले एक अनुभवी मालिक है। वे आज महिंद्रा एंड महिंद्रा के शीर्ष 10 डीलरों में से एक हैं व हीरो मोटोकॉर्प के शीर्ष 10 डीलरों में भी शामिल हैं। उनकी डीलरशिप जे.एस. फोरव्हील मोटर्स के पास पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में कई अत्याधुनिक सुविधाएं हैं, जिनका टर्नओवर 300 करोड़ से अधिक है। सांघी एक प्रख्यात परोपकारी व्यक्ति हैं और जयपुर कैलगरी आई हॉस्पिटल और राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद, एसएमएल ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट सहित विभिन्न धर्मार्थ ट्रस्टों के ट्रस्टी हैं। इसके अलावा वह कई सामाजिक संगठनों का भी हिस्सा हैं। वह अधिकृत मोटर वाहन डीलर्स एसोसिएशन राजस्थान, अलवर ट्रैक्टर और ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक हैं और साथ ही औद्योगिक सलाहकार समिति सरकार के सदस्य भी हैं। राजस्थान, भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय जयपुर। वह भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, अलवर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष हैं। वह स्पीकिन, स्किल्स ट्रेनर, स्पेयर केयर सॉल्यूशंस और ऑटो स्पेयर्स इंडिया सहित विभिन्न स्टार्ट अप के सलाहकार बोर्ड में हैं। वे ऑटो रिटेल के उद्योग विशेषज्ञ हैं और उन्हें मोतीलाल ओसवाल, फिलिप कैपिटल, डैम कैपिटल, जेपी मॉर्गन, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज आदि जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फंडों द्वारा नियमित रूप से बुलाया जाता है। वे विभिन्न पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता रहे हैं, जिनमें से कुछ राजस्थान सरकार के हैं। अलवर शहर के सौंदर्यीकरण में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, ऑटोमोबाइल डीलर बिरादरी में अनुकरणीय योगदान - स्न्नष्ठ, ईटी ऑटो रिटेल फोरम, वर्ल्ड ऑटो फोरम, विचार नेतृत्व में उत्कृष्टता - स्पीकिन, अनुकरणीय सेवा पुरस्कार ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद, मूल्यवान विशेषज्ञ - ऑटो रीमार्केटिंग फोरम। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, होंडा पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कैल्विनेटर ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसी कंपनियों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता। यही नहीं इनके अनेकों आर्टिकल्स(आलेख) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रों, दैनिक समाचार पत्रों, तकनीकी पत्रिकाओं और पत्रिकाओं में प्रकाशित किये गए हैं। सांघी सर राजस्थान विश्वविद्यालय से वाणिज्य में ऑनर्स स्नातक हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक भी किया है। वह एक योग्य कंपनी सचिव हैं और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के सदस्य हैं। हमेशा ऊर्जावान बने रहने,स्वस्थ रहने व ऐसे ही सरल व सहज बने रहने की कामना दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम ईश्वर से इनके लिए कर रही है। आपके अनुभवों का लाभ ऐसे ही नवयुवाओं व उधोगपतियों को सदैव मिलता रहे।

जय हिंद

आज का इतिहास

29 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सिकंदरबेग ने 1444 में ऑटोमन साम्राज्य की सेना को हरा दिया था।
- विलियम शेक्सपियर का ग्लोब 1613 में थियेटर आग लगने से क्षतिग्रस्त हुआ।
- इवान विहोव्सकी के नेतृत्व वाली यूक्रेन की सेना ने 1659 में प्रिंस त्रुबेत्सकॉय के नेतृत्व में रूसी सेना को कोनोटोप युद्ध में पराजित किया।
- ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सर रॉबर्ट पील 1850 में घुड़सवारी के दौरान गिर गये जिसके तीन दिन बाद उनका निधन हो गया।
- यूनान, सर्बिया, मोन्टे नेग्रो, रोमानिया और उस्मानी शासन के साथ बुल्गारिया का युद्ध 1913 में आरंभ हुआ जो दूसरे बाल्कान युद्ध के नाम से जाना जाता है।
- सोवियत संघ और चीन ने 1932 में अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किये।
- अभिनेत्री मार्लिन मुनरो ने 1956 में पटकथा लेखक आर्थर मिलर से विवाह रचाया।
- बीबीसी के अध्यक्ष ने 1960 में आज ही के दिन घोषणा की थी कि संस्था का नया टेलीविज़न केंद्र टेलीविज़न जगत की दुनिया का 'हॉलीवुड' होगा।
- अमेरिका ने 1966 में उत्तरी वियतनाम के निकट ईंधन भंडारण की सुविधा पर बम गिराये।
- मारिया एस्तेला ईसाबेल मार्टिनेज़ दी पेरोन ने 1974 में अर्जेन्टीना की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली थी।
- सिशेल्स द्वीप समूह को 1976 में स्वतंत्रता मिली इसके बाद से यह दिन इस देश में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- सोवियत संघ के विघटन के बाद पूर्वी देशों के सहयोग संगठन 'कामकोन' को 1991 में भंग कर दिया गया।
- विश्व की प्रमुख कंपनी आई बी एम। द्वारा विश्व का सबसे तेज कम्प्यूटर 2000 में निर्मित।
- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश के कोलोनोस्कोपी उपचार शुरु होने की वजह से उप-राष्ट्रपति डिक चेने ने 2002 में ढाई वर्ष तक कार्यकारी राष्ट्रपति का कार्य संभाला।

विशेष आलेख

जाति के नाम पर दूसरों से कैसी श्रेष्ठता?

डॉ. सत्यवान सौरभ।

सामाजिक स्तरीकरण मुख्यत: जाति पर आधारित है। किसी जाति समूह की सदस्यता जन्म से प्राप्त होती है, जिसके आधार पर लोगों को अन्य जाति समूहों के सापेक्ष स्थान दिया जाता है। यह दर्शाता है कि विभिन्न जातियों को उनके व्यवसायों की शुद्धता और अशुद्धता के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। उदाहरण के लिए, निम्न जाति समूहों के पास कुओं तक पहुंच नहीं थी, उन्हें मंदिरों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था आदि-आदि। किसी विशेष जाति के सदस्यों को अपनी जाति में ही विवाह करना होता है। अंतरजातीय विवाह निषिद्ध हैं। यह सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा किसी समूह को मुख्यधारा से अलग करके बहिष्कृत करने की प्रथा है। जाति व्यवस्था और धर्म ने संकीर्णता की भावना को जन्म दिया और लोगों को अपनी जाति-धर्म के प्रति अनावश्यक रूप से सचेत कर दिया। समकालीन समाज में जातिगत भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है, क्योंकि भारतीय समाज वैदिककाल से ही इस सामाजिक बुराई का दंश झेल रहा है और संवैधानिक तथा कानूनी उपायों के बावजूद भी यह जारी है। किसी व्यक्ति की जाति उसके जन्म लेने वाले परिवार की जाति से निर्धारित होती है। यह आमतौर पर वंशानुगत होती है। किसी व्यक्ति की जाति अपरिवर्तनीय होती है, चाहे उसकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। किसी व्यक्ति को जन्म से ही किसी जाति की सदस्यता विरासत में मिलती है। यह बात सच है कि प्राचीन असमानताएं और पूर्वाग्रह धीरे-धीरे बदलते हैं। सदियों से निचली जातियों का शोषण करने वाली उच्च जातियां आज भी उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से भेदभाव करती हैं। अपनी जाति को दूसरी जातियों से श्रेष्ठ समझने की भावना इसका मुख्य कारण है। लोगों की जाति की प्रतिष्ठा बढ़ाने की तीव्र इच्छा होती है। किसी विशेष जाति या उपजाति के सदस्यों में अपनी जाति के प्रति वफादारी विकसित करने की प्रवृत्ति होती है। जातिगत सजातीय विवाह का अर्थ है एक ही जाति में विवाह करना। इसलिए जातिगत सजातीय विवाह जातिवाद की भावना के उद्भव के लिए जिम्मेदार है। अशिक्षा के कारण लोग धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों और अंधविश्वासों में विश्वास करते हैं। जाति धर्म के अभ्यास के कारण वे अपनी जाति में रुचि लेते हैं। इससे जाति भावना और जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में ऊंची जाति के लोग निचली जातियों से सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं। ग्रामीण गांवों में दलितों को हिंदू मंदिरों में जाने की मनाही है और ऊंची जाति के मोहल्लों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं है। वे इसे विभिन्न प्रतिबंधों जैसे कि अंतरजातीय विवाह, अंतर-भोज आदि के माध्यम से बनाए रखते हैं। किसी व्यक्ति की विचारधारा उसके जातिगत मानदंडों और मूल्यों से जुड़ी होती है। इसने जातिवाद को जन्म दिया है। उच्च शिक्षा और सरकार में जातिगत आरक्षण ने एक ऐसी व्यवस्था को कायम रखने का काम किया है जो अन्यथा खत्म हो गई होती। कई बार जाति और साम्प्रदायिक हितों को राष्ट्रीय हितों से अधिक प्राथमिकता दी गई। इस प्रकार पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता की अवधारणा के विरुद्ध खड़ी हो गई। लोकतंत्र मानव समानता की अपेक्षा करता है, लेकिन जाति व्यवस्था असमानता में विश्वास करती थी और इसमें पदानुक्रमिक व्यवस्था थी। आज जाति राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए एक विषय के रूप में प्रकट हुई है, जैसे शैक्षणिक कॉलेजों, सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण। सती प्रथा, बाल विवाह आदि जाति व्यवस्था का परिणाम थे। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता था। यह पितृसत्तात्मक व्यवहार आज भी प्रचलित है। दलितों पर अत्याचार, निचली जाति की महिलाओं पर यौन उत्पीड़न आदि ऐसे भेदभाव और शोषण का परिणाम हैं जो बदले में भारतीय समाज में गहराई से जड़ जमाए हुए जाति और सांप्रदायिक पहचान का परिणाम हैं। हाथ से मैला ढोना अंतत: एक जाति-आधारित व्यवसाय बन गया, जिसमें बाल्टी वाले शौचालयों या गड्ढे वाले शौचालयों से अनुपचारित मानव मल को हटाना शामिल है। इसे मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 द्वारा आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है।

दलितों के एक समूह पर गुजरात के ऊना में हमला किया गया था जब उन्होंने दलितों के लिए भूमि स्वामित्व की मांग के लिए आंदोलन में भाग लिया था। हाथरस में एक दलित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म को जाति आधारित हिंसा के रूप में प्रचारित किया गया। प्रत्येक जाति की स्थिति को न केवल जाति कानूनों द्वारा बल्कि सम्मेलनों द्वारा भी सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाता है। इन्हें समुदाय द्वारा जाति पंचायत नामक एक शासी निकाय या बोर्ड के माध्यम से खुले तौर पर लागू किया जाता है। उच्च जातियों ने अनुष्ठान, आध्यात्मिक और नस्लीय शुद्धता का दावा किया, जिसे उन्होंने प्रदूषण की धारणा के माध्यम से निचली जातियों को दूर रखकर बनाए रखा। प्रदूषण का अर्थ है कि निम्न जाति के व्यक्ति का स्पर्श उच्च जाति के व्यक्ति को प्रदूषित या अपवित्र कर देगा।

बोर्न हैल्दी बेबी जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश शर्मा)। जिले में स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनसी सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करने व गर्भावस्था के दौरान संक्रमण व जटिलताओं का उपचार व इलाज के लिए बोर्न हैल्थी कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं एनजीओ जपाइगो की ओर से क्वालिटी एएनसी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीकानेर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ देवेन्द्र चौधरी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान व प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। उप निदेशक डॉ राहुल हर्ष ने बताया कि कार्यशाला से मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवायें प्रदान करने वाले नर्सिंग आफिसर, एएनएम, एलएचवी, आशा सहयोगिनी, सीएचओं व मेडिकल आफिसर की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच होगी। आरसीएचओ डॉ अहसान गौरी ने बताया कि इस दौरान टीकाकरण के यूवीन ऐप की समीक्षा की गई। जपाइगो की जिला प्रभारी मिनाक्षी व दीपचंद ने बताया कि बोर्न हैल्थी कार्यक्रम पहले प्रदेश के चार जिलों में शुरू किया गया था।

अब इसे चूरू सहित नौ जिलों में शुरू किया गया है। कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ से डॉ अंकिता व यूएनडीपी के योगेश शर्मा मौजूद रहे ।

पीएमएसएम पर अव्वल रहने पर किया सम्मानित : आरसीएचओ डॉ अहसान गौरी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की रिपोर्टिंग में प्रदेश में अव्वल रहने पर बीसीएमओ डॉ मनीष तिवारी, डॉ विकास, डॉ प्रवीण, डॉ सत्यनारायण, बीपीएम ओमप्रकाश प्रजापत, धर्मपाल, नेतराम, पवन कुमार व संतलाल तथा बीएचएस गजेन्द्र चौहान, महेश, हंसराज, विक्रम, रजनीश को सम्मानित किया गया। इस दौरान डीपीएम आशीष खण्डेलवाल, संग्राम सिंह, सांख्यिकी निरीक्षक मुकुल शर्मा, एएसओ संदीप व डीईओ हनुमान शर्मा मौजूद रहे ।

केकेसी पी जी कॉलेज में भारतीय दंड संहिता पर सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (सुरेश शर्मा)। भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से लागू भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी हेतु आयोजित सेमिनार में पुलिस उपाधीक्षक अनिल माहेश्वरी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 का उद्देश्य 1860 की भारतीय दंड संहिता आईपीसी को प्रतिस्थापित करना, अपराधों से संबंधित प्रावधानों को समेकित और संशोधित करना है । अंग्रेजों के समय बने इन सभी कानूनो पर वर्तमान समय के अनुरूप भारतीय समाज मे चर्चा और समीक्षा होनी चाहिए । संस्था निदेशक किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 दंड की बजाय न्याय प्राप्त करने की दिशा मे कानून की प्रकृति को बदलने का प्रयास करेगी । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुमेर सिंह स्वामी ने भरत न्याय संहिता एवं वर्तमान मे इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला व बताया कि केकेसी पीजी महाविद्यालय मेंभारतीय दंड संहिता पर सेमिनार का आयोजन भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से लागु भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी हेतु आयोजित सेमिनार में पुलिस उपाधीक्षक अनिल माहेश्वरी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 का उद्देश्य 1860 की भारतीय दंड संहिता आईपीसी को प्रतिस्थापित करना, अपराधों से संबंधित प्रावधानों को समेकित और संशोधित करना है द्य अंग्रेजों के समय बने इन सभी कानूनो पर वर्तमान समय के अनुरूप भारतीय समाज मे चर्चा और समीक्षा होनी चाहिए । संस्था निदेशक किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 दंड की बजाय न्याय प्राप्त करने की दिशा मे कानून की प्रकृति को बदलने का प्रयास करेगी । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुमेर सिंह स्वामी ने भरत न्याय संहिता एवं वर्तमान मे इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला व बताया कि इसका उद्देश्य दंड नहीं बल्कि न्याय है एकेडमिक डायरेक्टर विरेंद्र सिंह राठौड़ वह संस्था निदेशक डॉक्टर किशोर सिंह राठौड़ व कॉलेज पर प्राचार्य डॉक्टर सुमेर सिंह स्वामी द्वारा डीएसपी अनिल माहेश्वरी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय सदस्य उपस्थित रहे।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ 30 जून से

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ 30 /06/2024 से 6 जुलाई तक पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक शक्ति केंद्र पर 370 पौधे लगाकर विशाल पौधारोपण अभियान चलायेगी। भाजपा नगर मीडिया प्रभारी पदमा सोनी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा के सानिध्य में भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के साथ होगा जो 6 जुलाई तक पूरे सप्ताह भर चलेगा। पौधारोपण अभियान के जिला संयोजक सी पी नामधरानी एवं जिला सह संयोजक गोटूलाल सुथार, गोवर्धन लाल जाट ज़िले भर में कार्यकम को गति प्रदान करेंगे। अभियान के जिला संयोजक सी पी नामधरानी ने प्रत्येक मण्डल पर मण्डल संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की जिसमें रावतभाटा मंडल में इस अभियान का संयोजक विनीता अग्रवाल एवं सहसंयोजक हर्ष जैन को बनाया गया। जो इस अभियान के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र पर शक्ति केंद्र संयोजक बनाकर अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे।

नवीन आपराधिक कानूनों पर आयोजित हुई संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

झुंझुनू, (नि.स.)। झुंझुनू उपखण्ड अधिकारी सुमन सोनल की अध्यक्षता में नए आपराधिक कानून विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अभियोजन विभाग के सहायक निदेशक प्रमोद कुमार हटवाल, अभियोजना अधिकारी मदनलाल वर्मा एवं सुरेखा ने संगोष्ठी में 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों के संबंध में हुए बदलाव के बारे में जानकारी दी। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लाने का उद्देश्य जांच और न्याय प्रणाली को सभी के लिए सहज और सुलभ बनाना है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील की है कि इस नई संहिता एवं अधिनियमों के बारे में आवश्यक रूप से अध्ययन करना चाहिए इसके अलावा आमजन को भी इसकी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में आईपीसी के अधिकांश अपराधों को बरकरार रखा गया है एवं इसमें सामुदायिक सेवा को भी सजा के रूप में शामिल किया गया है। संगोष्ठी में प्रदीप जांगिड, सुनील महला सहित बडी संख्या में अधिवक्तागण एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

युवक की सिर पर गोली मार कर हत्या

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर ग्रामीण जिले के जमवारामगढ़ इलाके में गुरूवार- शुक्रवार की मध्यरात्रि चलती कार में शराब पार्टी के बाद प्रॉपर्टी व्यवसायी का काम करने वाले एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि युवक के गोली सिर में लगी थी,जिसे खून से लथपथ हालात में सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में दो दोस्तों को हिरासत में लिया गया है बाकि एक अन्य दोस्त की तलाश की जा रही है।

कार में चार दोस्त सवार थे और उनमें से ही एक कार चला रहा था। घटना जयपुर स्टेट हाइवे की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाधिकारी हरदयाल मीना ने बताया कि गोली लगने से जमवारामगढ़ (जयपुर) की खसानों की ढाणी लाली निवासी मुकेश गुर्जर (26) की मौत हो गई। जो प्रॉपर्टी व्यवसायी का काम करता था। गुरुवार- शुक्रवार की मध्यरात्रि को सिर में गोली लगने पर मुकेश को लहूलुहान हालत में कार सवार दोस्त सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाकर तीनों दोस्त फरार हो गए। जहां एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान मुकेश की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की ओर से जमवारामगढ़ थाना पुलिस को गोली लगने से युवक की मौत की सूचना दी गई। मेडिकल सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया और परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि गुरुवार रात को प्रॉपर्टी कारोबारी मुकेश अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने निकला था। आंधी स्टेट हाईवे पर चारों दोस्त चलती कार में शराब पार्टी कर रहे थे। शराब पार्टी के दौरान चली गोली मुकेश गुर्जर के सिर में जा लगी। जिसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अद्भुत संयोग... श्रावण माह में होंगे 5 सोमवार, शुरुआत और समापन पर भी सोमवार, भगवान शिव को प्रिय है यह वार, इन तिथियों में सावन सोमवर

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। इस बार सावन माह में एक अद्भुत संयोग यह रहेगा कि इस माह की शुरुआत भोलेनाथ के प्रिय दिवस सोमवार से होगी और समापन भी सोमवार को ही होगा। इस माह में इस बार पांच सोमवार रहेंगे। 22 जुलाई सोमवार को श्रावण मास का शुभारंभ होगा और 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन पर समापन होगा। खास बात यह भी रहेगी कि 22 जुलाई को सावन श्रवण नक्षत्र, प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग में रहेगा। वैसे इस माह में खरीदारी के लिए कई अन्य शुभ योग भी रहेंगे। सावन माह का अंतिम दिन 19 अगस्त को होगा, तब इस दिन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि रहेगी, जो अत्यंत शुभ होती है। इस दिन शोभन योग रहेगा। श्रावण मास में भोलेनाथ ही नहीं बल्कि महिलाओं के लिए मंगला गौरी पूजन के भी चार दिन मिलेंगे। श्रावण में चार मंगलवार मंगला गौरी यानी मां पार्वती की भी पूजा होगी। ज्योतिषी ने बताया कि इस बार सावन का महीना 22 जुलाई से शुरू होगा और इसका समापन 19 अगस्त को होगा। अनूठा संयोग बात यह कि सावन के पहले दिन और आखिरी दिन भी सोमवार ही रहेगा। मान्यता है कि सावन सोमवार व्रत रखने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और सुख-समृद्धि प्राप्त होती हैं। देवों के देव महादेव को दिन सोमवार है और इसी दिन से सावन मास शुरू होगा।

सावन में ये रहेंगे शुभ योग

22 जुलाई को सूर्योदय से रात 11.40 तक सर्वार्थ सिद्धि योग के अलावा प्रीति योग व श्रवण नक्षत्र योग रहेगा। 23 जुलाई को सुबह 5.57 से दोपहर 12ः05 तक द्वि-पुष्कर योग रहेगा। इसके बाद पूरे श्रावण माह में 7 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। समापन पर 19 को योग व पूर्णिमा तिथि सोमवार रहेगा। पहला सावन सोमवार 22 जुलाई, दूसरा 29 जुलाई, तीसरा 5 अगस्त, चौथा 12 अगस्त और 5वां सावन सोमवार 19 को रहेगा।

पीसीसी चीफ डोटासरा को ऊर्जा मंत्री का चेलेंज:ऊर्जा मंत्री नागर बोले- बिजली-पानी पर डोटासरा को मेरे सामने लाकर करा लो बहस

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। बिजली, पानी के संकट को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोडासरा द्वारा दिए बयान पर ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने पलटवार किया है। मंत्री नागर ने कहा कि कहा कि बिजली, पानी पर डोटासरा को मेरे सामने लाकर बहस करा लो।

केंद्र सरकार ने गत कांग्रेस की सरकार को केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन में 20 हजार करोड़ रुपये दिए थे, उसका भ्रष्टाचार करके कांग्रेस ने जनता को गुमराह करने का काम किया है। बिजली के मामले में कांग्रेस ने पिछले पांच सालों में कोई काम नहीं किया, कांग्रेस ने पिछले पांच साल में बिजली निगम को 139 लाख करोड़ का घाटा पहुंचाया है। यूं कहें कि भ्रष्टाचार किया है।

यह बात शुक्रवार शाम को प्रस्तावित CM की टोंक दौरे की तैयारियों को लेकर टोंक आये ऊर्जा मंत्री नागर ने मीडिया से बातचीत में कही। मंत्री नागर ने कहा अब राजस्थान 32 हज़ार मेगावाट का बिजली उत्पादन करेगा। उसके लिए हमने रूह किया है। रूह जल्द धरातल पर उतारेंगे। मैं आज ही दिल्ली से आया हूं। हमारे ऊर्जा मंत्री, कॉल मंत्री से भी मिला हूं। अब राजस्थान विकास कार्यों में इतिहास रचेगा। यहां सबसे ज़्यादा काम होंगे।

कृषि मंडी में समारोह स्थल का जायजा लिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 जून को टोंक के कृषि मंडी में प्रदेश स्तरीय किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में आएंगे। इस कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेश के 65 लाख किसानों के बैंक खातों में सम्मान निधि की पहली क़िस्त ट्रांसफर करेंगे। सीएम के दौरे और प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से पहले टोंक में भाजपा के दिग्गज नेताओं के दौरे लगातार जारी है।

इस कड़ी में शुक्रवार देर शाम को ऊर्जा मंत्री नागर टोंक आए और मंत्री नागर ने कृषि मंडी में सभा स्थल का जायज़ा लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कृषि मंडी में निरीक्षण के बाद मंत्री सीधे कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे और कार्यक्रम को लेकर ज़िला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

वहीं कृषि मंडी पहुंचने पर मंत्री का भाजपा ज़िला अध्यक्ष अजित सिंह मेहता, ज़िला प्रमुख सरोज बंसल निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने स्वागत किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री हीरालाल नागर कांग्रेस पर जमकर हमलावर दिखे। नागर ने पीसीसी चीफ डोटासरा को बहस करने का चैलेंज तक दे दिया। साथ ही कांग्रेस पर जल जीवन मिशन में घोटाले के आरोप लगाए। साथ ही आने वाले दिनों में राजस्थान में ऐतिहासिक विकास कार्यों का दावा किया।

निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग को लेकर ग्रामीण हुए लामबंद

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने विभाग औंर ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर गुणवत्तापूर्वक सामग्री लगाने की मांग की। सरपंच हरफूल मीणा व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राव नरेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ठेकेदार की ओर से बेहद घटिया सामग्री उपयोग में ली जा रही है। गुरुवार को ठेकेदार को बुलवाकर दिखाया और निमार्ण कार्य बंद करने या गुणवत्तापूर्वक सामग्री उपयोग में लेने के लिए कहा गया था लेकिन ठेकेदार ने ग्रामीणों की कोई बात नही सुनी और घटिया सामग्री लगाकर ही निर्माण कार्य कर रहा है। ग्रामीणों ने इसका विरोध कर विभाग से जांच कर निमार्ण कार्य को रूकवाने और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रवीण नारनोलिया ने बताया कि पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य मार्केटिंग बोर्ड से करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य एजेंसी से बात कर जांच करवाई जाएगी।

सेंट्रल जेल में शैंपू के डिब्बे में मिले दो मोबाइल व अन्य सामान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को सर्च के दौरान वार्ड नम्बर 9 के शौचालय के नजदीक एक शैंपू के डिब्बे में दो मोबाइल, डाटा केबल और अन्य सामान मिले। इस सम्बंध में जेल प्रहरी ने लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महिला प्रहरी अनिता ने मामला दर्ज करवाया कि गुरुवार को गश्त के दौरान उसे वार्ड नम्बर 9 के शौचालय के पास एक शेम्पू का डिब्बा पड़ा नजर आया। खोलकर देखा तो उसमें दो मोबाइल मिले।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवम सुधांशु पंत, मुख्य सचिव, राजस्थान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

बुद्धिप्रकाश शर्मा ने 433 मत प्राप्त कर 88 मतों से की जीत हासिल

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (नि.स.)। राज.सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव दिनांक 14 जून 2024 को संपन्न हुए जिसमे बुद्धिप्रकाश शर्मा ने 433 मत प्राप्त कर 88 मतों से जीत हासिल की। सचिवालय की परंपरा के अनुसार अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवम सुधांशु पंत , मुख्य सचिव, राजस्थान की अध्यक्षता में दिनांक 27.06.2024 (गुरुवार) की शाम शासन सचिवालय प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अध्यक्ष एवम संघ की कार्यकारिणी को माल्यार्पण कर पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई। संघ की कार्यकारिणी में चाकसू निवासी अभिषेक शर्मा को खाद्य मंत्री के रूप में मनोनित किया गया। शपथ ग्रहण पश्चात शर्मा ने पदभार संभाला और सचिवालय में संघ कैंटीन में अव्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को साफ सफाई का

विशेष ध्यान रखने एवम कैंटीन की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया।

चाकसू निवासी एडवोकेट अर्जुन सिंह हिंगोनिया भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ जयपुर दक्षिण संयोजक के द्वारा घर जाकर अभिषेक शर्मा को माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया गौरतलब है कि अभिषेक शर्मा ने सचिवालय में खाद्य मंत्री के रूप में शपथ लेकर एक बार फिर चाकसू कस्बे का मान बढ़ाया है । इससे पहले भी प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर श्री अभिषेक शर्मा जिला एवम सेशन न्यायालय, जयपुर एवम तत्पश्चात शासन सचिवालय में पदस्थापित हुए है।

शिक्षा मंत्री ने की जनसुनवाई, 174 प्रकरण आए

जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का समय पर निस्तारण करें : शिक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद नगर स्थित मां भारती विद्यालय में समस्या समाधान शिविर के अंतर्गत जनसुनवाई की जिसमें 174 प्रकरण प्राप्त हुए। शिक्षा मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त शिकायतों का संवेदनशीलता से परिवादों का समय पर निस्तारण करें। जनसुनवाई स्थल पर ही सभी विभागों के स्टॉल लगाकर शिकायतों का पंजीयन किया गया।

शिक्षा मंत्री ने एक-एक परियोजना पर परिवादी को बुलाकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर दोनों की बात बड़ी ही तालीनता से सुनी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी माह में की जाने वाली जनसुनवाई में सभी विभाग अपने-अपने विभागों की योजनाओं, उनकी पात्रता एवं किस प्रकार से आवेदन किया जाए इसकी जानकारी पर आधारित फ्लेक्स एवं पब्लिक पंपलेट का भी वितरण करना सुनिश्चित करें जिससे पात्र नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

शिक्षा मंत्री ने कोटा विकास प्राधिकरण की उप सचिव को निर्देश दिए कि घुमंतू बीपीएल परिवार के नागरिक जिनके पक्के घर या छत नहीं है उनका सर्वे विभिन्न योजनाओं में पुनर्वासित भी अनिवार्य रूप से किया जाए।

उन्होंने नगर विकास न्यास के खाली पड़े भूखंडों में कचरा एवं गंदा पानी भर जाने की शिकायत प्राप्त होने पर नगर विकास न्यास के अधिकारियों को तीन दिवस में सफाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में खाद्य विभाग, पीएचईडी, जेवीवीएनएल केडीईएल, रोडवेज, चिकित्सा स्वास्थ्य, जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आईआईटी का एकेडमिक शेड्यूल जारी, 15 जुलाई से 19 अगस्त के बीच शुरू होगा नया सेशन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी के जरिए देश के प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। इसी बीच आईआईटीज ने अपने नए शैक्षणिक सत्र का शेड्यूल जारी कर दिया है. इसमें महत्वपूर्ण तारीखों का ऐलान किया गया है, जिसके अनुसार 15 जुलाई से लेकर 19 अगस्त के बीच अधिकांश आईआईटी का नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा।

इनके जरिए बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी , इंटीग्रेटेड एमटेक व डुअल डिग्री कोर्स में एडमिशन लेने में सफल हुए कैंडिडेट्स को रिपोर्टिंग और क्लास कमेंसमेंट की डेट भी दी गई हैं. जोसा 2024 की ऑफिशियल वेबसाइट पर यह रिपोर्टिंग शेड्यूल उपलब्ध है।आईआईटी बॉम्बे के सफल विद्यार्थियों को 26 जुलाई को ओरिएंटेशन सेशन के लिए रिपोर्ट करना होगा। आईआईटी बॉम्बे की कक्षाएं 29 जुलाई से शुरू होंगी। आईआईटी इंदौर की रिपोर्टिंग 19 अगस्त है। एजुकेशन एक्सपर्ट के अनुसार जोसा काउंसलिंग के जरिए आईआईटी व एनआईटी प्लस संस्थानों की बीटेक, इंटीग्रेटेड एमटेक व डुअल डिग्री सीटों पर प्रवेश के लिए राउंड 2 के सीट आवंटन का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया. राउंड 2 सीट आवंटन में सफल कैंडिडेट को 2 जुलाई शाम 5 बजे तक डाक्यूमेंट अपलोड करने होंगे। डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं करने पर आवंटित सीट निरस्त कर दी जाएगी. इसके बाद कैंडिडेट सीट अलॉटमेंट के आगामी राउंड्स में भी शामिल नहीं हो सकेगा। करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट के अनुसार ऐसे कैंडिडेट, जिन्हें दूसरे राउंड में आईआईटी से एनआईटी और एनआईटी से आईआईटी सीट आवंटन हुआ है, उनके पहले राउंड सीट आवंटन में अपलोड किए गए दस्तावेजों को नए आवंटित सिस्टम से दोबारा सत्यापन किया जाएगा. इसके बाद नई आवंटित सीट कन्फर्म की जाएगी. इसके विपरीत जिन विद्यार्थियों को पूर्व में सीट का आवंटन हो चुका है और फ्लोट व स्लाइड का विकल्प चुना है, उन्हें दूसरे राउंड में आईआईटी से आईआईटी और एनआईटी से एनआईटी सीट का आवंटन हुआ है और उनके पूर्व में सत्यपित डॉक्यूमेंट्स के आधार पर ही नई सीट कन्फर्म की गई है. ये सभी स्टूडेंट्स अपनी पहले राउंड में आवंटित सीट को नई सीट आवंटित होने पर कोई क्लेम नहीं कर सकेंगे।इन सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग में दोबारा डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने की आवश्यक्ता भी नहीं है। स्टूडेंट्स प्रत्येक राउंड काउंसलिंग में फ्लोट विकल्प को स्लाइड फ्रिज में एवं स्लाइड विकल्प को फ्रीज में बदलकर आगे की काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

रात्रि चौपाल में मुन्नी बाई बारेठ को मिला पट्टा नवीनीकरण का लाभ

छात्र/छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेट कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा (नि.स.)। जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत उँखलिया में हुआ। रात्रि चौपाल में उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, तहसीलदार गोपाल जीनगर एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण कार्मिकगण, स्थानीय विधायक श्रीचन्द कृपलानी, जिला प्रमुख भुपेन्द्र सिंह सोंलकी, प्रधान बगदीराम धाकड, पूर्व उप प्रधान अशोक जाट, संरपंच अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामवासियों ने अपने परिवाद प्रस्तुत किये जिसे जिला कलक्टर आलोक रंजन द्वारा तत्काल निस्तारित किया गया। जिन परिवादों पर तत्काल कार्यवाही नहीं हो सकी उनको सम्बन्धित विभाग को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देशों के साथ अग्रेषित किया गया। रात्रि चौपाल में श्रीमती मुन्नी बाई बारेठ, निवासी गॉव उँखलिया का पट्टा नवीनीकरण किया गया। जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के शिक्षा विभाग के विद्यालयों के खेल मैदान को डीएमएफटी एवं नरेगा के द्वारा विकसित करने हेतु निर्देश प्रदान किये। जिला स्तरीय अधिकारीयों ने अपने अपने विभाग की योजनाओं के सबंध में ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान की जाकर अधिक से अधिक योजनाओ से जुडने का आव्हान किया। जिला कलक्टर द्वारा 10वीं एवं 12वीं की कक्षाओ के छात्र/छात्राओं को उनके केरियर गाईडेंस से सबंधित प्रश्न पुछे गये व जवाब प्राप्त कर उनसे वार्ता की व उन्हे रात्रिचौपाल में स्मृति चिन्ह भेट कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

केन्द्रीय विद्युत एवं कोयला मंत्री से मिले ऊर्जा मंत्री

राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कोयला खनन में केन्द्र से मिलेगा पूर्ण सहयोग

बढ़ता राजस्थान

कोटा/ जयपुर। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल तथा केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान नागर ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष प्रदेश में बिजली एवं कोयले की आपूर्ति में सुधार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा।

इस पर केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय विद्युत मंत्री से संसद भवन स्थित कक्ष में हुई मुलाकात के दौरान प्रदेश में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, नए 33/11केवी जीएसएस निर्माण, फीडर सेपरेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिजली की बेहतर आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। केन्द्रीय बिजली मंत्री ने श्री नागर को आश्वस्त किया कि राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आरडीएसएस योजना के माध्यम से जो प्रस्ताव राजस्थान सरकार की ओर से आएंगे उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य की 60 अनुपात 40 की वित्तीय भागीदारी से यह योजना संचालित होती है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राजस्थान की ओर से इस योजना में 10 हजार करोड़ रूपयों के कार्यों के प्रस्ताव मंजूरी के लिए भिजवाए जाने हैं। नागर ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री को राजस्थान के प्रवास पर आने के लिए आमंत्रित किया। मनोहर लाल ने कहा कि वे बजट सत्र के बाद इस संबंध में केन्द्रीय अधिकारियों से चर्चा कर राजस्थान के दौरे की रूपरेखा तैयार करेंगे। शास्त्री भवन में कोयला मंत्री रेड्डी से हुई मुलाकात के दौरान नागर ने उन्हें कोयले की आपूर्ति एवम इसके खनन से संबंधित प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया।

उन्होंने रेड्डी को बताया कि राजस्थान को आवंटित कैप्टिव माइंस हस्तांतरित हो जाती है तो कोयले की कोई कमी नहीं रहेगी तथा कोल इंडिया एवं अन्य स्रोतों से कोयले की खरीद पर होने वाले 40 प्रतिशत के अतिरिक्त वित्तीय भार का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। इसका लाभ प्रदेश के बिजली तंत्र एवं उपभोक्ताओं को होगा। रेड्डी ने इस संबंध में केंद्र सरकार के स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचला अस्पताल ले जाने से पहले दोनों ने तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। बूंदी जिले के केशोरापाटन थाना इलाके में एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना गुरुवार देर रात करीब 11 बजे के आसपास केशोरायपाटन थाना इलाके में नहर के समानांतर लाडपुर से सुवासरा जाने वाले मार्ग पर हुई।जिसमें एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार युवकों को सामने से टक्कर मार दी। घटना में मृतक बूंदी जिले के मेहराणा गांव निवासी 23 वर्षीय देव प्रकाश मीणा और कोटा के नांता इलाके निवासी सुरेश माली की हुई है। केशोरायपाटन थाना पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर शक्ति सिंह के अनुसार वह घटनास्थल पर पहुंचे थे। वहाँ पूरी तरह से चकनाचूर मोटरसाइकिल पड़ी थी। घायलों को आसपास मौजूद लोगों ने एक इको कार के जरिए एमबीएस अस्पताल भेज दिया था, जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मेहराणा निवासी मृतक देव प्रकाश के ताऊ के बेटे हनुमान मीणा के अनुसार ईटों से ओवरलोड भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मारी है। ट्रैक्टर चालक भी लाडपुर निवासी देशराज है, जिसके ट्रैक्टर की केवल एक ही लाइट चालू थी. बाइक चालकों को कुचलकर ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। मृतक देव प्रकाश मीणा कोटा के बूंदी रोड स्थित एक वाटर पार्क में काम करता था। वह ड्यूटी के बाद अपने मामा के घर लाडपुर पहुंचा था और वहां से ही अपने गांव मेहराणा जा रहा था। इसी दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गया। हनुमान का कहना है कि देव प्रकाश घर में अकेला कमाने वाला था। उसके माता-पिता अक्सर बीमार रहते हैं और घर परिवार की दयनीय स्थिति है। केशोरायपाटन थानाधिकारी देवेश भारद्वाज के अनुसार पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को देर रात को कोटा एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

चार जगह को क्लीन स्ट्रीट फूड हब योजना में पंजीकृत करवाते हुए किया प्री आडिट निरिक्षण

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ. रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में ईट राइट इनिशिएटिव के अंतर्गत क्लीन स्ट्रीट फूड हब अभियान चलाया जा रहा है।

अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि 28 जून को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ टीक्यू शर्ट एजेंसी की तरफ़ से आये सौरभ सिंह के साथ 4 जगह चौपाटी शॉपिंग सेंटर , कोटा हाउसिंग बोर्ड चौपाटी कुंहाड़ी , नयापुरा बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन ढाबे वाली गली ,राम मंदिर के पास आदि स्थानों का प्रीऑडिट निरीक्षण किया गया। प्री आडिट निरिक्षण के तहत उपरोक्त चारों स्थानों पर लगभग 20 स्थानों पर निरीक्षण कर खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों के भण्डारण, निर्माण, स्वच्छता के प्रावधानों से अवगत करवाया, उनके यहां खाद्य पदार्थ को तलने वाले तेल की टीपीसी मीटर द्वारा जांच कर तीन बार से अधिक नहीं तलने हेतु पांबद किया गया, ताकि शुद्ध खाद्य सामग्री उपभोक्ताओं को मिल सके। शापिग सेंटर पर निरिक्षण के दोरान एक सरस बूथ पर अवधि पार 12 पैकेट (250 एम एल प्रत्येक) अवधिपार पाये गये जिन्हें मौके पर नष्ट करवाया गया । दो स्थानों पर टीपीसी वैल्यू ज्यादा आने के कारण लगभग 5 लीटर खाद्य तेल नष्ट करवाया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन,नितेश गौतम उपस्थित रहे।

फ्लाईओवर पर एक के बाद एक चार गाड़ियां भिड़ी

एक कार के ब्रेक लगाने पर पीछे से मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। शहर के गुमानपुरा थाना इलाके में छावनी फ्लाईओवर पर एक के बाद एक चार गाड़ियों में टक्कर हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई चोटिल नहीं हुआ। हालांकि गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। हादसे के बाद कुछ देर तक फिर फ्लाईओवर पर जाम की स्थिति बन गई थी। जानकारी के अनुसार छावनी फ्लाईओवर पर शुक्रवार सुबह एक एसयूवीएस कार महिला चलाकर कोटडी चौराहे की तरफ से एरोड्राम की ओर से जा रही थी। अचानक से कार के ब्रेक लगाए। पीछे से दूसरी कार टकरा गई। उसे भी महिला चला रही थी। इस दौरान पीछे से आ रही दो अन्य कार भी एक-दूसरे से टकरा गई। टक्कर के बाद कार चालकों में कहासुनी हो गई। राहगीरों की समझाइश पर मामला शांत हुआ और ट्रैफिक शुरू हुआ। इधर, इसी फ्लाईओवर पर गुरुवार सुबह एक मिनी ट्रक पलटी खा गया था, जिसके चलते लंबा जाम लग गया था और 20 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही थी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था।

विकास के नये आयाम स्थापित होंगें पहली बार पक्ष विपक्ष के साथ हर मुद्दे पर हुई खुली चर्चा

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। नगर पालिका मण्डल की साधारण सभा दिनांक 27-06-2024 को दोपहर 12:15 बजे नगर पालिका सभागार मे पालिका अध्यक्ष मधुकंवर हाड़ा की अध्यक्षता मे आहुत की गई। जिसमे विभिन्न विकास कार्यो पर प्रस्ताव लिये गये।

नगर पालिका रावतभाटा अध्यक्ष की बैठक शुरू किये जाने के निर्देश पश्चात् पार्षदगणों के समक्ष प्रस्ताव क्रमानुसार अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर द्वारा सदस्यो की राय हेतु प्रस्तुत किये गये। साधारण सभा की बैठक मे कुल 33 बिन्दुओ पर विचार व सदस्यो का निर्णय प्राप्त किया गया।

1. पालिका स्वामित्व की रिक्त भूमियों पर नवीन आवासीय - व्यावसायिक योजना को तैयार करने पर विचार व निर्णय बैठक एजेण्डा अनुसार नगर पालिका रावतभाटा के स्वामित्व भूमि की रिक्त भूमियो पर नवीन आवासीयध्व्यावसायिक योजनाओ को तैयार कर नीलाम किये जाने की कार्यवाही जल्द ही की जावेगी।
2. स्वच्छ भारत मिशन 2024 के तहत कचरे के निस्तारण हेतु नवीनध्वर्तमान डम्पिंग यार्ड के निर्माण पर विचार एवं निर्णय अधिशाषी अधिकारी ने अवगत कराया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पूर्ण रूप से लागू हो गया है। नवीन डम्पिंग यार्डध्वर्तमान डम्पिंग यार्ड मे मटेरियल रिकवरी की मशीन लगाई जायेगी जिसके द्वारा पालिका क्षेत्र से एकत्रित कचरे का निस्तारण करने का कार्य किया जायेगा जिससे पालिका क्षेत्र के कचरा बिनने वाले लोगो को उक्त कार्य मे लगाकर रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेगे। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत पालिका क्षेत्र मे सीवरेज ट्रिटमेन्ट प्लांट लगाया जायेगा व आईएईएसीए गतिविधियांए रेलीए अन्य प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर आमजनता को जागरूक किया जायेगा।

3. बाबा रामदेव नगर के नाम से आवासीय योजना की रूपरेखा तैयार कर अनुमोदन कर निर्णय लिया गया। जो सभी पार्षदगण की सर्वसम्मति से निर्णय लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।
4. कोटा रावतभाटा रोड़ 132 जएसएस के पास उश्रर दिशा मे पालिका स्वामित्व की राजस्व ग्राम रावतभाटा व बाडौलिया की रिक्त भूमि पर नवीन आवासीय योजना आदित्य नगर के नाम से तैयार करने के लिये सर्वसम्मति से निर्णय लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।
5. श्री गणेश नगर आवासीय योजना के पीछे नगर पालिका स्वामित्व की रिक्त पड़ी भूमि पर नवीन आवासीय योजना श्री गणेश नगर विस्तार के नाम से तैयार करने पर विचार या प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही बालाजी नगर आवासीय योजना के 60 फीट रोड़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आवासीय परिसर के मध्य रिक्त पड़ी पालिका भूमि की व्यावसायिक योजना तैयार करने का प्रस्ताव पारित किया गया।
6. राणा पूंजा खेल मैदान मे खेलो को बड़ावा देने के लिये स्टेडियम के चारो तरफ हाईमास्क लाईट लगाई जायेगी जिससे रात्रिकालीन खेल भी आयोजित किये जा सकेगे। यह प्रस्ताव सभी पार्षदगण की सर्वसम्मति से पारित किया गया।
7. नगर पालिका अध्यक्ष महोदया ने बताया कि कोटा बेरियर स्थित अहिंसा सर्किल का नामकरण व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने व सौन्दर्यकरण करने का कार्य किया जायेगा। साथ ही इंडिया गेट पर भारत माता की मूर्ति स्थापित की जावेगीए बालाराम चौराहा पर शहीद भगत सिंहए राजगुरूए सुखदेव जी की त्रिमूर्ति लगाये जाने व सर्किल के नाम से नामकरण करनेए महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय रावतभाटा के चौराहे का नाम स्वामी विवेकानन्द के नाम से नामकरण एवं उनकी मूर्ति स्थापित किये जाने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।
8. प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत पट्टे दिये जाने पर विचार एवं निर्णय:. अधिशाषी अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत कब्जा नियमन पत्रावलियो के अनुमोदन पर राज्य सरकार की गाईडलाईन के नियमानुसार पट्टे दिये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक मे उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र देवड़ा, राजेन्द्र कुमार दशोरा, पदमा सोनी, तनवी शमा, मंजुलता जंगम, विमला कंवर,कयुम खां मेहरूनिशा यास्मीन , इमरान हुसैन बंगाली ,हरिश कुमार प्रजापत ,धनकंवर, सुरेश रोहलन ,छितरलाल डाबोडियां ,दुर्गाबाई ,नरेश मेघवाल, नीमल सिंह ,किशन लाल मनीषा वर्मा, आरती बलसौरी ,संजय रेदूडियां ,अनुसुईया नागर, मनीष गिरी ,टीना राठौर राजकुमार चौधरी आदि बैठक मे उपस्थित रहे।

अलवर शहर के नजदीक एक स्थान पर बारिश के बाद सड़क पर टायर दौड़ाते ये बालक माना कि थोड़े से मुश्किल से पल रहे होंगे,हो सकता है पढ़ते भी ऐसे ही हों नाम मात्र को,हो सकता है सरकारी स्कूल में पोषाहार के लिए ही जाते हों,हो सकता है परवरिश संसाधन विहीन हो,हो सकता है केवल चूल्हे की रोटी मिलती हो लेकिन इनकी मुस्कान देखिये,ऊर्जा देखिये,आनंद देखिये,मस्ती देखिये। तनावमुक्त ये बालपन उस बालपन पर भारी है जिसमे संसाधन परिपूर्ण है, खाने को चाऊमीन, बर्गर, पिज़्ज़ा और आइसक्रीम है, पढ़ने को वीआईपी कल्चर स्कूल है लेकिन जीवन तनावपूर्ण है, अकेला है, मायूस है, भयभीत है,,,,, इन गरीब बच्चों के टायर अमीरजादों की महंगी गाड़ी पर भारी पड़ रहे हैं।

शहर की बिगड़ी बिजली व्यवस्था, जर्जर पोल और बिजली लाइन दे रही हादसे को न्यौता

जरा सी बारिश में घंटो गुल रहती शहर की बिजली, अधिकारियों की कार्रवाई कागजों तक सीमित

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जर्जर पोल और लाइनों के चलते लगातार समस्याएं सामने आ रही हैं। बिजली व्यवस्था इस कदर बिगड़ गई है की एक तार के टूटने पर पूरे शहर की बिजली को बंद करना पड़ता है जिसके पीछे लाइनों के क्रॉस होने का कारण बताया जा रहा है। विद्युत विभाग के अधिशासी अधिकारी सहायक अभियंता और कनिष्क अभियंता पर समस्या को डालकर अपने आप को बचाने का प्रयास करते हैं जबकि पूरा उपखंड इस समय उमस भरी गर्मी से परेशान है और मात्र बिजली ही एक सहारा है। गुरुवार की रात दो बजे से गुल हुई बिजली शुक्रवार को दिन में डेढ़ बजे तक सुचारू नहीं हो पाई। इसको लेकर अधिकारियों से संपर्क किया गया तो किसी ने संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं दिया।बिजली विभाग की यह लापरवाही एक दो महीने पुरानी नहीं बल्कि कई साल पुरानी है। शहर में जितनी भी लाइन डली हुई है उनमें जुगाड़ू पद्धति से तारों को लगाया जाता है। जिससे खतरा लगातार बढ़ रहा है। शहर में जितने भी ट्रांसफार्मर पब्लिक एरिया में है उनकी सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं है। ऐसे में निरीह जानवर लगातार शिकार बन रहे हैं। आमजन को भी करंट लगने का खतरा रहता है।

जिम्मेदार अधिकारी दे रहे ढुलमुल जवाब

विद्युत विभाग के अधिशाषी अधिकारी मुनीराम विश्नोई ने बताया की समस्या इस बार ज्यादा रही है। भीषण गर्मी के चलते लोड अधिक आया है। ऐसे में कई ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। वहीं लाइन टूटने की समस्याएं सबसे अधिक आई है। जिनको तुरंत मेंटेनेंस करने का प्रयास किया है। सहायक अभियंता और कनिष्क अभियंता को निर्देश दिए हैं कि वह जर्जर लाइनों का सर्वे कर प्रस्ताव बनाएं जो पोल क्षतिग्रस्त है उनका भी प्रस्ताव बना कर दें। जिससे उनकी डिमांड ऊपर भेज कर सुधार कराया जा सके। वही 33 केवी फीडर पर लगे ब्रेकर और सीटीपीटी को लेकर उनका कहना है कि जल्द ही इसमें सुधार कराया जाएगा।

तिवरिया फीडर के हालात बदतर, मशीने नहीं कर रही काम : शहर के धौलपुर रोड तिवरिया पर स्थित 33 केवी फीडर पर हालात बदतर है यहां से शहर के आधे हिस्से को सप्लाई दी जाती है। जिसके लिए लगे स्टेशन में ब्रेकअप कई माह से खराब पड़ा है। सीटीपीटी भी खराब डली हुई है। जिससे फाल्ट आने पर पूरी लाइन ट्रिप होती है। मेंटेनेंस के लिए एक फीडर के के बजाय पूरी लाइनों को बंद करना पड़ता है।

शहर के नागरिक का कहना : शहर के नागरिक एवं अधिवक्ता पंकज लहचोरिया का कहना है कि गुरुवार रात 2 बजे से बिजली गुल हुई जो शुक्रवार को दिन में डेढ़ बजे तक सुचारू नहीं हो पाई। किला गेट,कोट पाड़ा की स्थिति तो यह है कि कभी एक फेस आता है तो दूसरा चला जाता है। दूसरा सही करते हैं तो पहला गायब हो जाता है। ऐसे में लोग परेशान हो रहे हैं जिसको लेकर कनिष्क अभियंता आयुष राज गुप्ता से बोला गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान होगा लेकिन घंटो इंतजार के बाद वही स्थिति बनी रही। वहीं भारद्वाज मार्केटमें दुकानों के आगे ट्रांसफार्मर से निकले तीन फेस तारों को जुगाड़ू पद्धति से जुड़ा हुआ है जिनमें आए दिन आग लगती है और हमेशा खतरा बना रहता है। शहर में कोई भी ट्रांसफार्मर सही ढंग से नहीं लगाया गया जो सुरक्षा के मध्येनजर हर नियम की पालना कर रहा हो।

जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।बैठक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि सभी बैंक सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनओं के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पात्र व्यक्तियों के ऋण स्वीकृत एवं वितरण कर लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बैंक लक्ष्यानुसार ऋण उपलब्ध करवाये। सभी बैंकर्स को जैसे - जैसे विभिन्न सरकारी योजनओं के अन्तर्गत ऋण आवेदन पत्र प्राप्त होते है, वैसे ही उनके निस्तारण का कार्य पूरा करें, जिससे जिले में सभी सरकारी योजनाओ में आवंटित लक्ष्य प्राप्त किए जा सके। उन्होंने कहा कि विभागीय एवं बैंकों के अधिकारी आपसी समन्वय से योजनाओं का क्रियान्वयन करें, जिससे लाभार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।बैठक में सरकारी योजनाओं में बैंकवार प्रगति जिनमें एनआरएलएम योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना, पीएमईजीपी योजना, आई एम शक्ति योजना आदि सम्मिलित थी उन्होंने किसानो की आय को दोगुना करने के लिए कार्य योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के शत - प्रतिशत कवरेज, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आरसेटी द्वारा भेजे गए ऋण आवेदन पत्रों की स्थिति, वित्तीय समावेशन कार्यक्रम एवं वित्तीय साक्षरता कैंप, डिजिटल बैंकिंग और कैशलेस बैंकिंग को बढ़ावा एवं वार्षिक साख योजना पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा - निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा विस्तारपूर्वक एजेंड़ा के प्रत्येक बिंदु को रखा गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने गत बैठक के कार्यव्रत का अनुमोदन, गत बैठक में लिए गए निर्णय पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई, जिले के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के 31 मार्च 2024 तक के मूलभूत आंकड़ों की समीक्षा एवं बैंकिंग व्यवसाय एवं व्यवसायिक पैरामीटर पर विस्तृत चर्चा की।जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक में आरबीआई के एलडीओ मुकेश गुर्जर,पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ हरीश गुर्जर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एमके जैन, पीएनबी के डीएम गिरवर अग्रवाल,बीआरकेजीबी के एजीएम एम.एल कुलदीप, आरबीआई के एजीएम अक्षय गुंबर, एवं बैंकों के कोऑर्डिनेटर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बिना मान्यता संचालित स्कूल कोचिंग (टाईअप), ट्यूशन सेंटर को सीज करने की मांग को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अलवर शहर सहित जिले में बिना मान्यता के ट्यूशन सेंटर, कोचिंग सेंटर एवं टाईअप स्कूल कोचिंग ने बिना किसी डर के शहर में शिक्षा व शैक्षणिक व्यवस्था की धज्जियाँ उडा रखी है। अभिभावकों को मान्यता की जानकारी नहीं होने के कारण कोचिंग व ट्यूशन सेंटर व कुछ डमीं स्कूल टाईअप करके नियम विरुद्ध प्रवेश ले रहे है जिनके विज्ञापन शहर के प्रमुख अखबारों में, होर्डिंग, पम्पलेट आदि के माध्यम से भ्रामक विज्ञापन मिल जाएँगे। इन फर्जी अवैध शैक्षणिक सेंटरों से सरकारी स्कूल एवं मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को प्रवेश में भारी नुकसान हो रहा है। साथ ही छात्र एवं अभिभावकों को ठगा जा रहा है। मामले को लेकर मान्यता प्राप्त

शिक्षण संस्थान की ओर से शुक्रवार को आंतरिक जिला कलेक्टर प्रथम को बिना मान्यता संचालित शिक्षण संस्थानों को सीज करने के लिए ज्ञापन सोपा गया । बिना मान्यता के संचालित या स्थान बिना परिवर्तन कर संचालित या 5 तथा 8वीं तक के स्तर की मान्यता वाली स्कूलें जो 12वीं कक्षा तक प्रवेश देकर संचालन करने वाले फर्जी संस्थानों के खिलाफ अविलम्ब कार्यवाही की मांग उठाई गई है। अध्यक्ष लालाराम ठाकुर ने बताया कि विद्यालयों में प्रवेश उत्सव चल रहा है उसके बाद कार्यवाही होती है, तो उस कार्यवाही का कोई औचित्य नहीं है। गत वर्षों में ध्यान में आया है कि आप के द्वारा कार्यवाही शुरु हुई, परन्तु आपके अधिकारियों द्वारा पूर्व सूचना कोचिंग व फर्जी स्कूल वालों को दे दी जाती है, एवं मिलीभगत कर लीपापोती कर दी जाती है। 28 जून से 31 जुलाई 2024 तक लगातार सीज की कार्यवाही नहीं होती है, तो बाद में कार्यवाही का दिखावा करने का कोई औचित्य नहीं है। मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान, जिला अलवर जो कि अलवर जिले का एक मात्र रजिस्टर्ड संगठन है अत: उचित कार्यवाही (सीज करने की कार्यवाही) की मांग करता है तथा उन फर्जी कोचिंग व स्कूलों का नाम प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सार्वजनिक किए जावें ताकि छात्र व अभिभावको के साथ इन फर्जी संस्थानों के द्वारा धोखा नही किया जा सके।

यदि फर्जी कोचिंग व स्कूलों के खिलाफ सीज करने की कार्यवाही नहीं की जाती है तो आगामी रणनीति तय कर धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनता के बीच ले जाया जाएगा जिसमें संगठन एवं विभाग के मध्य टकराव की स्थिति बन सकती है। अत: समय रहते उचित कार्यवाही करने का श्रम करे।

महात्मा गांधी स्कूलों में सीटें रह गई खाली फिर भी हजारों विद्यार्थी रह गए प्रवेश से वंचित

राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों अभिभावकों के हित में महात्मा गांधी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन कराते हुए प्रवेश की आयु सीमा में शिथलन प्रदान कराने की मांग की है।संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने सीएम को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि प्रदेश के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश हेतु अभिभावकों से आवेदन भरवा गए थे। जिसकी ऑनलाइन लॉटरी के उपरांत चयनित विद्यार्थियों द्वारा शाला दर्पण पोर्टल मॉड्यूल के माध्यम से आवंटित विद्यालय में से 23 जून तक रिपोर्टिंग कर विद्यालय लॉक करना था। प्रदेश में संचालित अधिकतर महात्मा गांधी विद्यालयों में ऑनलाइन रिपोर्टिंग की तिथि समाप्त होने के बाद नाम मात्र के प्रवेश ही हो सके हैं । जिससे अधिकतर स्कूलों में जिनमें बाल वाटिका संचालित नहीं है उनके अलावा सीटें खाली रह गई हैं। प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि इसकी मुख्य वजह इस बार शिक्षा विभाग की ओर से पहली कक्षा में प्रवेश की आयु 5 से बढ़ाकर 6 -7 वर्ष करने से राज्य के अधिकतर सरकारी स्कूलों में प्रवेश हेतु पात्र बच्चे ढूंढते नहीं मिल रहे हैं । ऐसे में राज्य के कमोवेश सभी सरकारी विद्यालयों का नामांकन गिरने के हालात बन गए हैं और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने हेतु बाध्य होना पड़ रहा है।

हाऊस होल्ड सर्वे में पात्र बच्चे ढूंढने से नहीं मिल रहे स्कूलों में पहली कक्षा चलने पर भी संशय : संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से प्रवेश उत्सव अभियान के तहत शिक्षकों को घर-घर भेज कर हाऊस होल्ड सर्वे का कार्य कराकर 10 फीसदी नामांकन बढ़ोतरी का लक्ष्य दिया है।

वहीं दूसरी ओर पहली कक्षा में प्रवेश की आयु पांच से बढ़ा कर 6-7 वर्ष करने से अधिकतर गांवों में पात्र बच्चे मिले ही नहीं रहे हैं। ऐसे में अधिकतर स्कूलों में पहली कक्षा में नाम मात्र के विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाएंगे और सरकारी स्कूलों के नामांकन में भारी गिरावट आएगी।

जोधपुरा-मोहनपुरा संघर्ष समिति ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 पर शुरू किया महापड़ाव

आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग व क्रेशर चलाने के विरोध में ग्रामीणों ने 569 दिनों तक दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। कोटपूतली के ग्राम जोधपुरा-मोहनपुरा में मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग व क्रेशर चलाने के विरोध में शुक्रवार को जोधपुरा-मोहनपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 पर महापड़ाव शुरू किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा आबादी के नजदीक क्रेशर युनिट चलाने से ग्रामीण परेशान हैं व आबादी के निकट ब्लास्टिंग के धमाकों से ग्रामीणों के मकानों में दरारें पड़ गई है। इसी के साथ गांव मोहनपुरा (जोधपुरा) अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के लीज एरिया में आने से परेशानी ओर बढ़ गई है। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट ने गांव के 120 घरों का तो पुनर्वास कर दिया है बाकी लोगों को परेशान होकर अपने आप गांव से पलायन के लिये परेशान करने के प्रयास किये जा

रहे हैं। ग्रामीणों पर झूठे मुकदमे लगाये जा रहे है। रात्रि में गांव में क्रेशर चलाते हैं, ड्रोन से ग्रामीणों पर निगरानी रखी जाती है। परेशान धरनार्थियों ने 569 दिनों तक धरना प्रदर्शन के बाद शुक्रवार से अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 पर महापड़ाव शुरू किया है जो सुनवाई होने तक जारी रहेगा। अध्यक्षता करते हुये प्रभुदयाल गुरुजी ने बताया कि शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए महापड़ाव में पहुंचे। शुक्रवार को महापड़ाव का ग्राम पवाना अहीर, शुक्लावास, सुन्दरपुरा, गोरधनपुरा, कंवरपुरा, बडनगर सहित दर्जनों गांवों के लोगों ने समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व सरपंच सांवरमल शर्मा, पूर्व सरपंच एड. महेश यादव, पंसस प्रतिनिधि विक्रम सिंह कसाना, भगवती प्रसाद मीणा, शंकरलाल मीणा आदि ने भी अपना समर्थन दिया। महापड़ाव में दो ग्रामीण महिलाओं की गर्मी की वजह से तबीयत बिगडने पर सीएचसी नारेहड़ा से मेडीकल टीम ने पहुंचकर प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में रैफर कर दिया। इस दौरान संघर्ष समिति के सचिव कैलाश यादव, भूपसिंह धानका, सतपाल यादव, मूलायम यादव, उमराव पोषवाल, समाजसेवी पूरण यादव, राकेश खोला, कमल जाट, ग्यारसी लाल आर्य, राधेश्याम खोला, रामवतार शर्मा समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

दहेज नही देने पर घर से निकाला

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(नि.स.)। निकटवर्ती ग्राम बासदयाल थाने पर ज्ञान चंद निवासी चतरपुरा ने मामला दर्ज कराया है कि उसने अपनी पुत्री का विवाह हिंदू रीति रिवाज से दिनांक 15.01.2023 को मनीष कुमार पुत्र बनवारी लाल सैनी जाति माली निवासी ढाणी पोकर वाली नाथावाला तन शाहपुरा के साथ संपन्न किया था। विवाह के लिए मिलने वालों से कर्जा लेकर काफी दहेज भी दिया गया था उसके बाद भी मेरे पुत्री को दहेज की मांग करके मारपीट करते रहे। दिनांक 04.09. 2023 को उसका पति मनीष , सास श्रवण देवी ,ससुर बनवारी लाल ,जेठ महेंद्र ,जेठानी मुस्कान , ननद सुशीला ,हंसा ,बाला तथा चाचा ससुर रामचंद्र , नंदोई अर्जुन लाल आदि ने मिलकर मेरी पुत्री को मारपीट कर सारे जेवर उतारकर मेरी पुत्री के जीवन के साथ खिलवाड़ कर उसके शारीरिक मानसिक अत्याचार किया गया। और 5 लाख नगद व कार की मांग की गई और बोलेरो गाड़ी में डालकर मेरे ग्राम चतरपुरा के पास रोड पर उतार कर फरार हो गए।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद द्वारा 28 जून शुक्रवार को जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा कारागृह के बंदियों से रूबरू होकर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली

तथा आवश्यक निर्देश दिए। जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण मे पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर को भिजवावे जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके।

इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, अस्सिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल मीता अग्रवाल, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा, डिप्टी जेलर शैलेन्द्र, हैड कॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

बारिश के बाद किसान खरीफ फसलों की बुवाई में जुटे

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। उपखंड क्षेत्र में मानसून की अच्छी बारिश होने से किसान खेती की तैयारी में जुट गए हैं। साथ ही बीज एवं उर्वरक के प्रबंधन में भी लगे हुए हैं। ब्लॉक सहायक कृषि अधिकारी हरीसिंह मीणा ने बताया कि विभाग ने भी खरीफ फसलों के बीज मिनिकिट, बाजरा, मूंग, ज्वार व उड़द के बीज को प्रत्येक ग्राम पंचायत में लघु, सीमांत महिला किसानों को बुवाई पूर्व ही समय पर वितरित किए गए हैं। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक प्रधान गुर्जर ने बताया कि अच्छी फसल उत्पादकता के साथ ही साथ अच्छी गुणवता के लिए किसान उन्नत एवं प्रमाणित बीज का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि खाद एवं उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही प्रयोग करें। फसलों की बुवाई से पूर्व बीजोपचार अवश्य करें। समय पर बुवाई करें। किसान बीज, उर्वरक एवं पेस्टीसाइड खरीदते समय पक्का बिल अवश्य लेवें। कतार में बुवाई करे एवं कतार से कतार की समुचित दूरी रखें।

चेजा पत्थर से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली व बजरी से भरा एक मिनी ट्रक जब्त

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। बरोनी थाना पुलिस ने चेजा पत्थर से भरा हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली व बजरी से भरा हुआ एक मिनी ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्तरायण होटल के पास सोहेला कट से एक मिनी ट्रक को मय बजरी के जब्त किया है। इसी प्रकार पुलिस की दूसरी टीम ने गांव नोहटा के समीप से चेजा पत्थर से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को रुकवाया और चालक से पत्थरों के वैध कागजात मांगे। चालक द्वारा कागजात उपलब्ध नहीं करवाने पर ट्रैक्टर ट्रॉली को मय चेजा पत्थर के जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा करवा दिया।

4 जुलाई को होगी नगर पालिका मे साधारण सभा बैठक आयोजित

दो दर्जन से अधिक कार्यों पर होगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। यहां नगर पालिका मंडल की साधारण सभा बैठक आगामी 4 जुलाई शाम 4.30 बजे को नगर पालिका सभा भवन में आयोजित होगी। साधारण सभा की बैठक में दो दर्जन से अधिक बिंदुओं पर में विचार विमर्श किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने बताया कि 4 जुलाई को साधारण सभा की बैठक बुलाई गई है । बैठक में पालिका क्षेत्र मे विकास कार्य कराए जाने हेतु चर्चा होगी जिसमें वृद्धाश्रम निर्माण, तरण ताल निर्माण, महिला स्नानागार निर्माण, रिक्त भूखंडधारियों को नोटिस देने पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसी तरह शहर में बढ़ते अतिक्रमण एवं सफाई पर विचार किया जाएगा तो वहीं खुले में बिक रहा मांस व मछली की रोकथाम पर उक्त कारोबार हेतु बाजार को अन्यत्र स्थानांतरित शिफ्ट करने पर भी विचार किया जाएगा, साथ ही शहर के अटल उद्यान में टॉय ट्रेन, फव्वारा, लाइटिंग इत्यादिक कार्य चर्चा होगी इसके अलावा स्थानीय केंद्रीय बस स्टैंड में आने वाली लोक परिवहन, प्राइवेट बसों से शुल्क वसूल करने पर विचार करना होगा। किसी के साथ शहर में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा नगर पालिका में ईमित्र एवं फोटोकॉपी संचालन के लिए स्थान उपलब्ध कराने सहित 25 बिंदुओं पर साधारण सभा की बैठक में चर्चा की जाएगी।

कृषि ऑडिटोरियम में आज आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिला मुख्यालय के बमोर गेट स्थित कृषि ऑडिटोरियम में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 11 बजे आयोजित होगा। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों से मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा वर्चुअली माध्यम से संवाद करेंगे एवं कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान की जायेगी।

दुर्घटना में मृतक के आश्रित को 1 लाख रुपये की सहायता

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने दुर्घटना में मृतक व्यक्ति के आश्रित को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक मस्तराम बैरवा पुत्र सोहराम बैरवा निवासी ग्राम अहमदनगर तहसील उनियारा मु. अलीगढ़, के आश्रित को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

लेदर गुड्स चर्म प्रशिक्षण के आवेदन पत्र आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, टोंक द्वारा जिले में दो माह का लेदर गुड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि आठवीं पास एवं 18 से 35 वर्ष की आयु के इच्छुक अभ्यर्थी अभ्यर्थी सादा कागज पर स्वयं का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, जाति एवं वर्ग का उल्लेख करते हुए 10 जुलाई तक जिला उद्योग केंद्र, टोंक कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

17516585 से 14516824 तक के रोल नंबर के विद्यार्थी राजकीय आवासीय उ.मा.वि. वजीरपुरा में परीक्षा के लिए पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिले में रविवार, 30 जून को आयोजित होने वाली प्री डीईआईईडी परीक्षा में 17516585 से 14516824 तक के रोल नंबर के 240 परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं अपने प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र का नाम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय वजीरपुरा को राजकीय बालिका आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वजीरपुरा टोंक मानकर इस परीक्षा केंद्र में अपनी रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें।

बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। श्री टांक महासभा मालपुरा टोडारायसिंह की वार्षिक बैठक 30 जून रविवार को प्रात: 10 बजे पंचायत समिति मालपुरा की दुकानो के सामने स्थित शिव मन्दिर में प्रात: 10 बजे रखी गई है। महामंत्री अरविन्द टांक ने बताया कि बैठक क्षैत्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार टांक व पूर्व क्षैत्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश प्रसाद टांक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में समाज उत्थान सहित अन्य विषयो पर चर्चा की जाएगी।

जीवन को संवारने व विकास का स्थान है शिक्षा मन्दिर : जलदाय मंत्री चौधरी

मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।

प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि शिक्षा का मन्दिर वह स्थान है जिसमें प्रवेश लेकर इंसान अपने जीवन को संवार सकता है और विकास की राह पर आगे बढ़ा सकता है।

जलदाय मंत्री चौधरी बीति देर रात्रि मालपुरा शहर के जयपुर रोड पर नए खुले द रेडवूड ग्लोबर स्कूल का फीता काटकर शुभारम्भ करने के बाद आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। अपने सम्बोधन में चौधरी ने कहा कि ईश्वर के मन्दिर के बाद शिक्षा मन्दिर का स्थान आता है। जिस पर भगवान का मन्दिर पवित्र एवं आत्मशुद्धि का स्थान होता है ठीक उसी तरह भगवान के मन्दिर के बाद शिक्षा का मन्दिर महान पुण्य का स्थान माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि शिक्षा के मन्दिर में प्रवेश लेकर इंसान जहां एक ओर अपने जीवन को संवार सकता है।

साथ अपने जीवन को विकास के पथ पर आगे बढ़ा सकता है। इस मौके पर चौधरी ने स्कूल संचालको से आव्हान करते हुए कहा कि स्कूल में आने वाले बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर अपने नैतिक दायित्व को ईमानदारी के साथ पूर्ण करे। चौधरी ने कहा कि माता पिता के बाद बच्चे का गुरू ही भगवान होता है। माता पिता व गुरू मिलकर बच्चे को संस्कारवान बनाने के साथ साथ श्रेष्ठ इंसान बनाने में सहयोगी होते हैं। संचालक केशव पारीक व लवकुश सैनी ने मुख्य अतिथि सहित सम्मानीय अतिथि के रूप में मोजुद भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, नगरपालिका मालपुरा के पूर्व उपाध्यक्ष पुरूषोतम सैनी का अभिनन्दन किया।

समारोह के अंत में मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री चौधरी ने स्कूल का विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया।

जल जीवन मिशन के लिए खोदी गई नाली को ठेकेदार ने छोड़ा अधूरा

आमजन व राहगीर आए दिन हो रहे है दुर्घटना के शिकार

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहड़ में पाईपलाइन डालने के बाद ठेकेदार ने नालियों को खुला छोडकर कार्य को बंद कर दिया। जिससे आए दिन ग्रामीण व राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने नाली को खुली छोड़ गया।

जिससे नाली में किसानों के ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अभी बरसात का मौसम है, बारिश में मिट्टी गीली होकर फिसलन हो रही है, राहगीर आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणो ने ग्राम पंचायत सहित उपखण्ड़ प्रशासन को भी कई बार अवगत करवाया। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को किसान जानवरों के लिए चारा लेने जा रहा थे, खोदी गई नाली की मिट्टी बरसात से चिकनी व फिसलन होने से ट्रैक्टर फिसलकर गड्ढे में जा गिरा। गनीमत रही की चालक की सूझबूझ के चलते चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई जिससे बडा हादसा होने से टल गया।

ग्रामीणो ने ठेकेदार को भी कई बार अवगत करवाया मगर ठेकेदार द्वारा इस ओर कतई ध्यान नही दिया जा रहा है। ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को भी पत्र लिखकर तत्काल समस्या से निजात दिलाने की गुहार की है।

ई ग्राम प्रभारी के रूप में शिक्षको को लगाए जाने का विरोध कर प्रशिक्षण का बहिष्कार किया

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। पंचायत समिति सभागार में मुख्यमंत्री ई ग्राम परियोजना के तहत उपखण्ड के सभी ग्राम स्तर पर एक ही ई ग्राम अधिकारी नियुक्त कर शिक्षको की ड्यूटी लगाई जाकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित प्रंशिक्षण शिविर में ई ग्राम योजना के तहत ग्राम में जनसंख्या के आंकड़े तैयार करने, सामाजिक सुरक्षा योजना का कार्य करने, पशु गणना जन्म मृत्यु सर्वे, विद्युत विभाग की योजनाओं का सर्वे करने के बारे में बताया गया। इन सब कार्यो के लिए ई ग्राम प्रभारी के रूप में शिक्षको को लगाया गया। जिसका शिक्षको ने विरोध कर प्रशिक्षण का बहिष्कार किया। शिक्षको ने विरोध करते हुए बताया कि 1 जुलाइँ सोमवार से शिक्षा का नया सत्र प्रारम्भ हो रहा है। नए शिक्षा सत्र के प्रारम्भ से ही शिक्षको को शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा सर्वे एवं ड्राप आउट सर्वे किया जाना है। सरकार की नई नीति के अनुसार शिक्षको को गैर शैक्षिक कार्य से पूरी तरह से मुक्त रखा जाना है। लेकिन शिक्षको को ई ग्राम योजना प्रभारी बनाकर नए शिक्षा सत्र से विभागीय निर्देशानुसार किए जाने वाले कार्यो में देरी होना संभव है। इन सबको लेकर ई ग्राम योजना में लगाए प्रभारी शिक्षको ने प्रशिक्षण का बहिष्कार कर अपना विरोध प्रकट किया। बहिष्कार करने वाले शिक्षक दिनेश विजय ने बताया कि विरोध के दौरान शिक्षको ने नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षको को गैर शैक्षिक कार्यो से मुक्त रखे जाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया।

विधिक सहायता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। तालुका विधिक सहायता समिति मालपुरा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शुक्रवार को अम्बापुरा व टोरड़ी गांवो में विधिक सहायता शिविरो का आयोजन किया गया।

तालुका विधिक सहायता समिति मालपुरा के सचिव रवि कुमार जांगिड़ ने बताया कि विधिक सहायता शिविरो में 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ नालसा रालसा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर इनसे लाभान्वित होने के तोर तरीको के बारे में बताया गया।

जांगिड़ ने बताया शिविरो में बाल श्रम, बाल विवाह, बंधुआ मजदूरी, पीड़ित प्रतिकार योजना, साक्षी सरंक्षण स्कीम व खुले बोरवेल से होने वाली जन व पशु धन की हानि के बारे में जानकारी देकर इनसे बचाव के बारे में भी बताया गया। साथ ही इस दोरान चलित वाहन माध्यम से लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया।

फ्लोरोसिस जांच शिविर का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत टोंक उपखंड के ग्राम घास, अल्लापुरा, चंदलाई रूस्तमगंज के ग्रामीणों की फ्लोरोसिस की जांच की गई तथा इससे इस बीमारी से प्रभावित रोगियों को बचाव की जानकारी के साथ दवा उपलब्ध भी कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि जिला फ्लोरोसिस सलाहकार डॉ. पूनम गर्ग ने ग्रामीणों को तंबाकू, गुटखा, आदि खाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

डॉ. पूनम गर्ग ने बताया कि गांव के लोगों को फ्लोरोसिस से बचाव के लिए जागरूक कर संभावित मरीजों को दवाइयां देकर उनके यूरिन एवं गांव से पीने वाले पानी के सैंपल लिए गए।

कुए में मिला युवक का शव : परिजन बोले- हत्या हुई आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक घंटे तक दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। डिग्गी थाना क्षेत्र में एक युवक का शव कुएं में मिला। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल कर डिग्गी अस्पताल ले गई। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाना चाहा तो परिजन युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए पहले हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। करीब डेढ़ घंटे तक मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर धरने पर बैठे रहे। एक घंटे की समझाइश पर ग्रामीण पोस्टमार्टम करवाने पर राजी हुए।

बीती रात कुएं में शव की सूचना दी : डिग्गी थाना अधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब दस बजे लोगों ने सूचना दी कि डूंगरी कला के एक कुएं में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और पचास फीट गहरे कुएं से शव को गुरुवार मध्य रात बाद करीब डेढ़ बजे ग्रामीणों की मदद से अस्पताल ले गई। उसकी पहचान डूंगरी कला निवासी शंकर लाल (28) पुत्र रामलाल बागरिया के रूप में की गई।

परिजन बोले- यह सामान्य मौत नहीं हत्या है : उधर, डॉक्टरों ने भी उसे औपचारिक रूप से मृत घोषित कर दिया। फिर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। आज सुबह नौ बजे पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाने गई तो मृतक के परिजनों ने यह कहकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए मना कर दिया कि शंकर लाल की हत्या की गई। पहले उसके आरोपियों की गिरफ्तार किया जाए। फिर थाना प्रभारी कप्तान सिंह ने बताया कि परिजनों को समझाकर आश्वासन दिया कि बिना भेद-भाव के जांच की जाएगी। जांच में जिस तरह के तथ्य सामने आएंगे, उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। शंकर लाल के दो छोटे-छोटे बेटे हैं। वह जिस कुए में डूबा था, वह रामलाल बैरवा का है।

बजरी से भरा डम्पर जब्त, चालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक डम्पर को जब्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश जाट ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव नोहटा मोड़ के समीप एक डम्पर आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस ने रुकवाकर जांच की तो उसमें बजरी भरी हुई पाई गई। इस पर चालक से कागजात मांगे तो उसने कुछ भी उपलब्ध नहीं करवाया। इसके बाद डम्पर को मय बजरी के जब्त कर लिया और चालक रमेश रैगर निवासी गंगापुर थाना दतवास को गिरफ्तार कर लिया।

ढेंचा बनाएगा कृषि की जमीन को उपजाऊ, कृषि विभाग देगा निःशुल्क बीज

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। खेतों में अंधाधुंध रासायनिक खाद का इस्तेमाल बढ़ रहा है। जिसके चलते मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है। अब इसका असर फसल के उत्पादन पर भी पड़ने लगा है। खेती की मिट्टी में अब ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। जिसके चलते जमीन का उपजाऊपन प्रभावित हो चुका है। पोषक तत्वों सहित क्षारीय एवं लावणीय समस्या से जूझ रही जमीन को ढेंचा अब उपजाऊ बनाएगा। किसान हरी खाद के रूप में इसका उपयोग करके जमीन को उपजाऊ बनाएंगे। इसके लिए सरकार की ओर से भी भूमि उर्वरा मिशन के तहत ढेंचा का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विभाग की ओर से किए गए सर्वे के अनुसार प्रदेश में 18 लाख 62 हजार हैक्टेयर भूमि क्षारीयता एवं लवणीयता की समस्या से ग्रस्त है। नटवाड़ा क्षेत्र में भी सैकड़ो हैक्टेयर भूमि क्षारीय एवं लवणीय भूमि है। इस भूमि में फसल उत्पादन बहुत कम होता है। यहां कुछ किसान एक फसल लेकर जमीन को खाली छोड़ देते हैं तो कुछ खेतों में एक भी फसल में इतना उत्पादन नहीं होता है जितना होना चाहिए।

ढेंचा से ऐसे बनेगी जमीन उपजाऊ : उपखण्ड की ज्यादातर जमीन क्षारीय, लावणीय की समस्या व नाइट्रोजन की कमी से जूझ रही है। ऐसी जमीन में ढेंचा बो दिया जाए तो वह जमीन उपजाऊ बन सकती है। क्योंकि ढेंचा की गांठों में वायुमंडल से नाइट्रोजन को सोखने की क्षमता होती है, जिसे जड़ों तक पहुंचा सकता है। ढेंचा को बोने के बाद उसमें फूल निकलने से पूर्व ही खेत में जोत देना चाहिए। जिससे खेत में हरी खाद बन जाएगी। इससे जमीन उपजाऊ बनाएगी और अधिक उत्पादन मिल सकेगा। ऐसे दो-तीन साल करने पर जमीन में नाइट्रोजन की कमी पूरी होगी और क्षारीय एवं लावणीय जमीन में सुधार होगा।

कब करें ढैंचा की खेती : ढैंचा की खेती अप्रैल से मई महीने के बीच की जाती है। यह 45 से 50 दिनों में तैयार हो जाती है। ढैंचा की खेती के लिए 10 से 12 किलोग्राम प्रति एकड़ के दर से बीज की जरूरत होती है। जब फसल 2 फीट के लगभग हो जाए तो इसे रोटावेटर से खेत में ही जुताई कर सकते हैं। इस दौरान मिट्टी में नमी होना बेहद जरूरी है। जुताई के बाद वर्षा से होने वाली नमी से इसका अपघटन होना शुरू हो जाता है। अगर किसान इसका उत्पादन पाना चाहते हैं तो इसके लिए 150 दिन की फसल की देखभाल करनी होगी। किसानों को एक हेक्टेयर से 15 क्विंटल बीज की प्राप्ति हो सकती है।

किसानों को मिलेगा निःशुल्क बीज : भूमि उर्वरा मिशन के तहत सरकार की ओर से पहली बार किसानों को निःशुल्क ढेंचा का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उपखण्ड के किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विभाग टोंक कि ओर से जिले में ढेंचा के बीज करीब 10 हजार मिनी किट किसानो को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जावेगा।

हरी खाद से सुधरती है मृदा की भौतिक दशा : कृषि विभाग टोंक के सयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि लावणीय एवं क्षारीय जमीन में ढेंचा बोने के बाद फूल आने से पहले उसकी जुताई कर दें। इससे बनने वाली हरी खाद से मृदा की भौतिक दशा सुधरती है। जल ग्रहण करने की शक्ति बढ़ती है। अम्लीयता व क्षारीयता में सुधार होने के साथ-साथ उत्पादन बढ़ता है।

पर्यटकों के लिए खास है भारत के ये प्रसिद्ध मंदिर

भारत एक ऐसा देश है जिसे करोडो देवी देवताओं का घर माना जाता है इसलिए यहाँ के हर राज्य हर शहर और गली में किसी न किसी भगवान का मंदिर अवश्य ही मिल जायेगा इनमे से कुछ तो अति प्राचीन हैं तो वही कुछ हाल ही में बने है इन मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है और भगवान से अपनी मन चाही मुराद मांगते है भारत के सनातन संस्कृति में मंदिरों का बड़ा महत्व है।

भारत के प्रसिद्ध मंदिर अक्षरधाम मंदिर

स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर दिल्ली में यमुना नदी के तट पर स्थित्त एक विशाल हिन्दू मंदिर है जिसकी स्थापना 6 नवम्बर 2005 को की गई थी मंदिर के अंदर भगवान स्वामीनारायण की मूर्ति स्थापित है यह मंदिर भारतीय संस्कृति और क्लाकिर्तियों को दर्शाता है तथा यह दुनिया का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर है ये इतना विशाल है की इसमें कुल 234 पिल्लर, 9 गुम्बद और करीब 20000 साधुओं और आचार्य की मूर्तियाँ है इसके अलावा मंदिर में कुल 148 हाथी बनाये गये है इस मंदिर का नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में भी शामिल है अगर आप अपने परिवार के साथ दिल्ली आये है तो कृप्या इस भव्य मंदिर को देखने जरुर जाये शाम के समय यहाँ वाटर और लाइट शो भी होतें है जिसमे एक इंसान के पैदा होने से मृत्यु तक के जीवन काल को पानी और रौशनी के अदभुत मिलाप से दशाया जाता है।

इस्कॉन मंदिर दिल्ली

दिल्ली के पूर्व में स्थित प्रसिद्ध इस्कोन मंदिर को हरे राम हरे कृष्णा मंदिर भी कहा जाता है जो भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है इसकी स्थापना वर्ष 1998 में 'अच्युत कनिव्द' ने की थी इस मंदिर की वास्तुकला काफी बारीकी से की गई है जो देखने लायक है मंदिर के परिक्रमा परिसर में भगवान श्री कृष्ण और राधा की मूर्तियाँ है इस मंदिर में आपको हर समय हरे राम हरे कृष्ण की ध्वनि सुनाई देती है जिसे सुनकर आप पूरी तरह से भगवान की भक्ति में लिन होजाएंगे। मंदिर के ठीक सामने बहुत सारी दुकाने उपलब्द है जहाँ से आप पूजा की समाग्री खरीद सकते है इस मंदिर में एक संग्राहलय भी है जहाँ रामायण और महाभारत के ग्रन्थ रखे हुए है यहाँ भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिन यानि जन्माष्टमी को बड़े धूम धाम से मनाया जाता है इस दिन यहाँ भक्तो की भीड़ उमड़ी रहती है।

भारत का प्रसिद्ध धाम केदारनाथ मंदिर

भगवान शिव को समर्पित केदारनाथ धाम एक प्राचीन शिव मंदिर है जो उतराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में हिमालय पर्वत की गोदी में स्थित देश के 12 ज्योतिर्लिंगों और पंच केदारं में से एक है कहा जाता है की वर्तमान में जो केदारनाथ मंदिर दिख रहा है उसका निर्माण जगत गुरु आदि शंकराचार्य जी ने 8वीं शताब्दी में करवाया था हालाँकि सबसे पहले इसे पांडवो ने आज से हजरों साल पहले बनवाया था जो समय के साथ लुप्त हो गया था यह मंदिर हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र और पावन मंदिरों में से एक है जहाँ सच्ची श्रध्दा और भक्ति भावना से किये गये दर्शन से भक्तों को मोक्छा की प्राप्ति हो जाती है श्री केदारनाथ मंदिर को 'पंच केदार' भी कहा जाता है जिनके नाम कुछ इस तरह से है केदारनाथ, रुद्रनाथ,

तुंगनाथ, कल्पेश्वर और मधेश्वय ये मंदिर तीनो तरफ से पहाड़ की ऊँची चोटियों से घिरा हुआ है पहाड़ो के अलावा यहाँ कुल पांच नदियों का संगम है और ये नदियाँ मंदाकिनी, छिरगंगा, मधुगंगा, सरस्वती और स्वर्नगौर है परन्तु मंदाकिनी को छोड़ अब बाकि सारी नदियाँ लुप्त हो गई है केदारनाथ मंदिर 'नवम्बर से मई' के बिच 6 महीने के लिए बंद रहता है।

भारत का प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ मंदिर

भारत के उतराखण्ड राज्य में चमोली जनपद नामक स्थान पर हिमालय की बर्फ से ढकी पर्वत शिंख्लाओ से घिरा हुआ है बद्रीनाथ मंदिर हिन्दू धर्म का एक पवित्र तीर्थस्थल है जिसकी यात्रा के बिना सारी तीर्थ यात्राएँ अधूरी मानी जाती है समुद्र ताल से लगभग 10,279 फिट की ऊंचाई पर अलकनंदा नदी के समीप गढ़वाल पहड़ी पर यह पुन: भूमि स्थित है भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर में उनके 'बद्रीनारायण' रूप की पूजा होती है जहाँ प्रतिवर्ष लाखो की तादात में श्रद्धालु आते है कहा जाता है की चीन ने भारत पर आक्रमण कर इस मंदिर को तबाह नहस कर दिया था और मंदिर में स्थित मूर्ति को नारद कुण्ड में दल दिया था जिसे जगत गुरु आदि शंकराचार्य ने 8वीं शताब्दी मे वहां से निकालकर गरुड़ गुफा में पुनह स्थापित किया।

अमरनाथ गुफा मंदिर, जम्मू

धर्मिक और ऐतिहासिक द्रष्टि से अति महत्वपूर्ण अमरनाथ मंदिर हिन्दुओं का एक प्रमुख तीर्थस्थल है भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर श्रीनगर से लगभग 145 किलोमीटर दूर हिमालय पर्वत की गोद में स्थित एक प्रकिर्तिक मंदिर है प्रकिर्तिक का अर्थ है जिसकी उत्पति स्वंम हुई हो इस गुफा में स्थित शिवलिंग को बाबा बर्फानी और अमरेश्वर भी कहा जाता है श्री अमरनाथ गुफा की लम्बाई 160 फुट और चौड़ाई करीब 100 फुट है इसी गुफा में भगवान शिव ने माता पार्वती को अपने अमर होने का रहस्य बताया था आषाढ़ पूर्णिमा से शुरू होकर पुरे सावन महीने तक चलने वाली इस गुफा में दर्शन के लियए हजारो लाखों श्रद्धालु यहाँ आते है।

श्री राम जन्मभूमि अयोध्याजी

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मे सबसे पवित्र दर्शनीय स्थल है जो रामवाट नामक पर्वत पर स्थित है जिसकी दुरी अयोध्या रेलवे स्टेशन से मात्र 2 किलोमीटर है दोस्तों यह वही जगह है जहाँ भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्म हुआ था बहुत पहले यहाँ भगवान श्री राम का मंदिर भी हुआ करता था जिसे राजा विक्रमादित्य ने बनवाया था लेकिन बाद मे इस मंदिर को अफगान से आया हुआ मुग़ल शासक बाबर ने तोड़वा दिया और उस जगह मस्जिद बना डाली जिसे 1992 मे कारसेवको द्वरा पुन: धवस्त कर दिया गया जिसके लिये बहुत विवाद भी चला और करीब 500 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद आज उसी रामलला का भव्य मंदिर बनने की शुरुआत हो चुकी है जो आने वाले कुछ वर्षो मे बन कर तयार भी हो जाएगा यह सभी हिन्दुओं के लिये एक बड़े ही गर्व कई बात है आपको एक बार तो अपने जीवन मे इस जगह के दर्शन करने ही चाहिए।

काशी विश्वनाथ मंदिर

बनारस कि यह यात्रा काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किये बिना आपके लिये अधूरी ही रह जाएगी ऐसा समझिये क्योंकि जो कोई हिन्दू बनारस आता है वह सबसे पहले काशी विश्वनाथ मंदिर मे ही जाता है क्योंकि यह मंदिर हिन्दुओ के लिये सबसे पवित्र दर्शनीय स्थल है यह मंदिर भगवान शिव को सम्रपित है और देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों मे से एक है रोजाना तक़रीबन हजारो कि तादात मे श्रद्धालु यहाँ आते है और पवित्र गंगा में स्नान कर मंदिर के दर्शन करते है माना जाता है कि ऐसा करने से मनुष्य को मोक्छ कि प्राप्ति होती है अगर आप मंदिर मे दर्शन के लिये जाना चाहते है तो एकदम सुबह-सुबह जाये नही तो फिर इतनी भीड़ हो जाती है कि आपको घंटो इंतजार करना पड़ सकता है मंदिर सुबह 4 बजे के बाद खुल जाता है

वैष्णो देवी मंदिर, जम्मू

जम्मू राज्य के कटरा में त्रिकुटा नामक पहाड़ी पर स्थित है माता वैष्णों देवी का मंदिर जिसे भारत का एक अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है और सभी पवित्र मंदिरों में से एक माना जाता है माता रानी का यह मंदिर 5200 फिट की ऊंचाई और कटरा से लगभग 12 किलोमीटर की दुरी पर स्थित है जहाँ गुफा के अन्दर देवी काली, सरस्वती और लक्ष्मी जी की मूर्तियाँ स्थापित है जिन्हें वैष्णों देवी या माता रानी कहा जाता है यहाँ देश भर से प्रति वर्ष 1 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते है ये तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा देखे जाने वाला तीर्थस्थल है

भारत के प्राचीन मंदिर महाबोधि मंदिर

बिहार के गया शहर से करीब 13 किलोमीटर दूर गंगा नदी के मैदानी भाग में स्थित महाबोधि मंदिर दुनिया भर से बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगो के लिए एक बहुत बड़ा स्थान है ये मंदिर उसी स्थान पर निर्मित है जहाँ भगवान गौतम बौद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी कहा जाता है की जिस पीपल के पेड़ के निचे बुध भगवान बैठा करते थे वो पेड़ आज भी यहाँ मौजूद है जिसे बौद्ध वृक्ष कहा जाता है यह मंदिर बौद्ध गया का सबसे महत्पूर्ण स्मारक तथा भारतीय वास्तुकला का एक उत्कृष्ट नमूना है इसके अलावा ये बौद्ध धर्म के चार पवित्र स्थानों में से एक है

दक्षिणेश्वर मंदिर

हुगली नदी के तट पर स्थित यह मंदिर कोलकाता के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों मे से एक माना जाता है जो काली माता को सम्रपित है इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1847 ईस्वी मे रानी रासमणि ने करवाया था ऐसा कहा जाता है कि माँ काली ने ही इस मंदिर निर्माण के लिये रानी रासमणि को स्वप्न दिए थे इस मंदिर के निर्माण मे कुल 9 लाख रूपए कि लागत और 8 साल लगे तब जाकर यह भव्य मंदिर तयार हुआ इस मंदिर मे माँ काली के अलवा भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति और भोलेनाथ के 12 शिवलिंग स्थापित है

भारत के प्रसिद्ध मंदिर कालीघाट मंदिर

यह मंदिर कोलकाता के कालीघाट मे स्थित काली माता को सम्रपित है जिसे पुरे भारत वर्ष मे माता काली की आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र माना जाता है हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी स्थान पर माता सती की दाहिने पैर कि ऊँगली गिरी थी इसलिए इस स्थान को देश 51 शक्तिपिठो मे से एक माना जाता है इस बड़े ही अदभुत और सुंदर मंदिर के अन्दर माँ की प्रतिमा लाल और काले रंग के पत्थर मे दिखाई देंगी जिसमे माँ काली की जिवा बाहर निकली हुइ है और वे भगवान शिव के छाती पर पैर रखी हुइ हैं और उनके गले मे नरमुंडो की माला तथा हाथ मे कुल्हाड़ी लिये दिखाई देंगी यह एक ऐसा मंदिर था जहाँ केवल हिन्दू ही नही बल्कि अंग्रेज भी दर्शन के लिये आते थे।

पर्यटकों को घूमने के लिए बेहतरीन जगह है सिंधुदुर्ग किला

सिंधुदुर्ग किला महाराष्ट्र राज्य के मालवन में समुद्र तट पर स्थित एक प्राचीन किला है जो अरब सागर में एक टापू पर स्थित है। यह भव्य किला 48 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसकी विशाल दीवारें समुद्र की दुर्घटनाग्रस्त लहरों के खिलाफ खड़ी हैं। किले के मुख्य द्वार को इस तरह छुपाया गया है कि कोई भी इसे बाहर से पहचान न सके। सिंधुदुर्ग किला मराठा दूरदर्शिता और साधन संपन्नता का एक ठोस उदाहरण है। यह शक्तिशाली किला न केवल ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण आकर्षण है, बल्कि आसपास के परिदृश्य की प्राकृतिक सुंदरता इसे एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनाती है। शक्तिशाली अरब सागर के ठीक बीच में फैला यह किला एक मनमोहक नजारा प्रस्तुत करता है अपने इन्ही आकर्षणों के दम पर यह किला हर साल हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। सिंधुदुर्ग किला महाराष्ट्र का एक ऐतिहासिक किला है। सिंधुदुर्ग किला के इतिहास पर नजर डालने पर हम पाते है की सिंधुदुर्ग किला का निर्माण सन् 1664 में छत्रपति शिवाजी द्वारा अंग्रेजी, डच, फ्रेंच और पुर्तगाली व्यापारियों के बढ़ते प्रभाव से सुरक्षा प्रदान करने और सिद्दी के उदय को रोकने के उद्देश्य से किया गया था। सिंधुदुर्ग किला शुरू में 1765 तक मराठा साम्राज्य की कमान में था। लेकिन 1792 में ब्रिटिश संधि के अनुसार यह किला ब्रिटिश शासन के अधीन आ गया।

आर्किटेक्चर ऑफ सिंधुदुर्ग फोर्ट

सिंधुदुर्ग किले की ताकत इसकी अडिग इंजीनियरिंग में निहित है, जिसने स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग अपनी सर्वोत्तम संपत्तियों में किया है। किले को बनाने के लिए मुख्य सामग्री गुजरात से लाई गई रेत थी, जबकि किले की नींव सैकड़ों किलोग्राम सीसे से रखी गई थी। किले का परिसर 48 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 3 किलोमीटर लंबा बुलेवार्ड है। सिंधुदुर्ग किले की दीवारें 30 फीट ऊंची और 12 फीट मोटी हैं, जिससे यह व्यावहारिक रूप से असंभव पैमाना है। किले के मुख्य द्वार को इस तरह बनाया गया है कि कोई भी इसे बाहर से पहचान न सके। सिंधुदुर्ग किले में 42 बुर्ज भी हैं, जो अभी भी ऊंचे हैं और पद्मगढ़, राजकोट और सरजेकोट किले जैसे कई छोटे किलों से घिरे हैं। साथ मराठा वीर छत्रपति को समर्पित एक छोटा मंदिर भी किले की सीमा के अन्दर स्थित है।

सिंधुदुर्ग किला की टाइमिंग

यदि आप अपने फ्रेंड्स या फैमली के साथ सिंधुदुर्ग फोर्ट की ट्रिप को प्लान कर रहे हैं और अपनी ट्रिप पर जाने से पहले टाइमिंग सर्च कर रहे हैं तो हम आपके बता दे सिंधुदुर्ग किला सप्ताह के सातों दिन सुबह 8.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक खुला रहता है। आप इस दौरान कभी भी यहाँ घूमने आ सकते है। एक बात का और विशेष ध्यान दें सिंधुदुर्ग फोर्ट ट्रिप के लिए कम से कम 2-3 घंटे का समय जरूर निकालें।

सिंधुदुर्ग किला की एंट्री फीस

एंट्री फ़ीस ऑफ़ सिंधुदुर्ग फोर्ट सर्च करने वाले पर्यटकों को बता दे सिंधुदुर्ग किला घूमने के लिए कोई भी प्रवेश शुल्क या फीस नही हैं यहाँ बिना किसी फीस का भुगतान आराम से घूम सकते हैं।

दुनिया के खूबसूरत ये खास सात अजूबे

दुनिया के सात अजूबे वो स्मारक हैं जिन्हें नई सेवेन वंडर्स फाउंडेशन द्वारा घोषित किया गया है जो दुनिया के अलग अलग देशो में स्थित है और इन्ही में से एक हमारे देश भारत का ताजमहल भी शामिल है जो हर भारतवासी के लिए एक गर्व की बात है।

ताजमहल : हमारे देश भारत का ताजमहल भी दुनिया के सात अजूबों में अपना नाम दर्ज कराए बैठा है ताजमहल का निर्माण मुग़ल शासक शाहजहाँ ने अपनी प्रिय बेगम मुमताज महल की याद में सन् 1632 ईस्वी में करवाया था जिसे एक प्यार की निशानी माना जाता है ताजमहल को बनाने में तक़रीबन 20 हजार मजदुर और 15 साल का समय लगा था ऐसा कहा जाता है की निर्माण के बाद शाहजहाँ ने सभी मजदूरों के हाथ कटवा दिए थे ताकि वे फिर दोबारा ऐसी कोई चीज न बना सकें। ताजमहल सफ़ेद संगमरमर से बना एक भव्य ईमारत है जिसके आस पास हरे भरे बाग बगीचे, पुल और पानी का फव्वारा बना है यहाँ देश ही नही विदेशों से भी हजारों लाखों कि संख्या में पर्यटक इसकी सुन्दरता को देखने आते है

द ग्रेट वाल ऑफ़ चाइना : इस विशाल दिवार का निर्माण 7वीं शताब्दी से लेकर 16वीं शताब्दी तक हुआ था वहाँ के अगल अगल शासकों द्वारा मंगोल के आक्रमण से अपने राज्य की रक्षा के लिए इसे बनाया गया था इसके निर्माण में मिट्टी, पत्थर, ईट और लकड़ी का उपयोग किया गया था इस दिवार को द ग्रेट वाल ऑफ़ चाइना कहा जाता है जो अंतरिक्ष से भी साफ साफ दिखता है। इस मानव निर्मित दिवार की लम्बाई लगभग 6400 किलोमीटर है जो पूर्वी चीन से लेकर पश्चिमी चीन तक फैली हुई है तथा चीन के कई रेगिस्तान, पठार और पहाड़ियों से हो कर गुजरती है इसकी ऊंचाई करीब 35

फीट है और चौड़ाई इतनी की छे घोड़ सवार एक साथ आराम से पेट्रोलिंग कर सकते हैं द ग्रेट वाल ऑफ़ चाइना के बडलिंग हिस्से में सबसे अधिक पर्यटक घूमने आते है आप यहाँ केबल कार के जरिए पहुँच सकते है

द रोमन कोलोसियम : इटली के रोम नामक शहर में स्थित रोमन कोलोसियम कंक्रीट और रेत से बना एक विशाल स्टेडियम है जिसका निर्माण 70वीं ईस्वी से 80वी ईस्वी के बिच हुआ था पप्राचीन काल में यहाँ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते थे जिसे देखने के लिए इस स्टेडियम में करीब 50 से 80 हजार लोग आराम से बैठ थे लेकिन कई बार भूकंप के झटके सहने के कारण अब यह थोड़ा बहुत नस्ट हो गया है पर फिर भी यह शान से खड़ा आज दुनिया के सात अजूबों में से एक है

पेट्रा : जॉर्डन देश का पत्र शहर एक एतिहासिक और पुरातात्विक नगरी है जो अपने विचित्र बनावट के लिए दुनिया भर में मशहूर है यहाँ बड़े बड़े चट्टानों और पत्थरों को काटकर इमारतों का निर्माण किया गया है यही कारण है की इस शहर को रोस सिटी भी कहा जाता है। ईन क्लाकिर्तियों का निर्माण 312बीसी के आस पास हुआ था जॉर्डन देश की जादातर कमाई पेट्रा से ही होती है यह शहर आज से समय एक मशहूर पर्यटन स्थल बन चूका है जहाँ हर साल बहुत से पर्यटक इसे देखने जाते है यही नही पेट्रा को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साईट की सूची में भी शामिल किया गया है

माचू पिच्चु : माचू पिच्चु दक्षिण अमेरिकी शहर पेरू में एक ऊँची चोटी पर स्थित छोटी सी नगरी हुआ करती थी जो समुद्र तल से लगभग 2430 मीटर की ऊँचाई पर थी शोधकर्ताओं की माने तो माचू पिच्चु का निर्माण 1400 के आस पास राजा पचाकुती द्वारा करवाया गया था हालाकिं इसके ठीक 100 साल बाद माचू पिच्चु पर स्पेन का आक्रमण हुआ और उन्होंने इस पर विजय प्राप्त कर ली लेकिन थोड़े ही समय बाद वे इसे छोड़ कर चले गये और फिर धीरे धीरे यह सभ्यता नस्ट हो गई। उस समय यहाँ पर इंका सभ्यता रहा करती थी जिनकी क्लाकिर्तियों को आज भी देखा जा सकता है वर्ष 1911 में अमेरिकी इतिहासकार हिरम बिंघम ने माचू पिच्चु पर खोज की और इसे दुनिया के सामने लाया वर्ष 1983 में यूनेस्को द्वारा इसे वर्ल्ड हेरिटेज साईट में शामिल किया गया था

क्राइस्ट द रिडीमर : क्राइस्ट द रिडीमर दुनिया के सात अजूबों में से एक है जो ब्राज़ील के रियो डी जेनेरो के दक्षिण में कोरकोवाडो की पहाड़ी पर स्थित ईसा मसीह की एक प्रतिमा है जो कंक्रीट और सोपस्टोन से बनी हुई है इस प्रतिमा की ऊँचाई लगभग 130 फीट है और चौड़ाई 28 मीटर। पहले यह दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा हुआ करती थी लेकिन आज के समय इससे भी ऊँची प्रतिमा सरदार बल्ब भाई पटेल जी की है जो भारत के गुजरात राज्य में स्थित है ईसा मसीह की इस प्रतिमा का निर्माण वर्ष 1931 में पूरा हुआ था जिसका कुल वजन करीब 635 टन के आस पास है इसे बनने वाले फ्रेंच के महान मूर्तिकार पॉल लौंडोव्स्की थे तथा इसका डिज़ाइन दो व्यक्ति कार्लोस ओसवाल और सिल्वा कोस्टा ने किया था

चिचेन इत्जा : चिचेन इटजा मेक्सिको में स्थित एक बहुत पुराना मायान मंदिर है जो माया सभ्यता से जुड़ी हुई है जिसका निर्माण 600 ईशा पूर्व में हुआ था यह ईमारत उस समय की कुशल कारीगरों की मेहनत को दर्शाता है चिचेन इटजा का मायान मंदिर कुल 5 किलोमीटर के छेत्रफल में फैला हुआ 79 फिट ऊँचा एक पिरामिड के आकार में है मंदिर में ऊपर जाने के लिए चरों तरफ से कुल 365 सीढियाँ है हर दिशा में 91 सीढियाँ बनी हुई है जो साल के हर एक दिन को दर्शाती है और 365 दिन के लिए मंदिर के ऊपर एक बड़ा सा चबूतरा बना है इसके अलावा यहाँ कई मंदिर, पिरामिड और खेल के मैदान बने हुए है। हर साल यहाँ 2 मिलियन से भी अधिक पर्यटन इसे देखने आते है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

अमरनाथ यात्रा 2024 : बालटाल-पहलगाम बेस कैंप पहुंचा पहला तीर्थयात्री जत्था, 4603 लोग आज सुबह शिवलिंग दर्शन के लिए चढ़ाई करेंगे

बढ़ता राजस्थान

जम्मू (एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। 4603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया है। 231 गाड़ियों में सवार होकर शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से से सीआरपीएफ की थ्री लेयर सुरक्षा के बीच यह जत्था रवाना हुआ था। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस जत्थे को रवाना किया था।

गांदरबल के बालटाल बेस कैंप पहुंचे तीर्थयात्री कल से शुरू हो रही यात्रा को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे ही एक यात्री ने कहा कि पहले जत्थे में होने से हमें पहले दर्शन का मौका मिलता है। स्थानीय लोग और सुरक्षाबल के जवान बहुत मददगार हैं। जत्थे में शामिल कुछ तीर्थयात्री पहलगाम के नुनवान बेस कैंप पहुंचे। ये सभी यहां से अमरनाथ यात्रा की चढ़ाई करेंगे। उनका कहना है कि नुनवान में तीर्थयात्रियों के लिए अच्छी व्यवस्थाएं हैं। हम सुरक्षाबलों शुक्रिया अदा करना चाहते हैं। इधर, पहला जत्था रवाना होने क बाद स्न सिन्हा ने सिविल सोसायटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इसे श्रीनगर के डिप्टी कमिश्नर ने स्ध्रड्डष्ट्ष्ट में आयोजित किया था। इस बैठक में अमरनाथ यात्रा और मुहर्रम की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। यात्रा के रास्ते में 125 लंगर लगाए गए हैं। 6 हजार वॉलंटियर तीर्थयात्रियों की मदद के लिए तैनात किए गए हैं। सुरक्षा को मजबूत करने और ट्रैफिक की परेशानी को दूर करने के लिए उधमपुर से बनिहाल तक नेशनल हाइवे पर 10 ष्टष्टञ्जङ्क पॉइंट बनाए गए हैं, जहां से लगातार निगरानी की जा रही है।

गोविंद देव जी मंदिर में नानी बाई मायरा कथा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो श्री राधा रमण हरि गोविंद बोलो की सु मधुर स्वर लहरियों के साथ जयपुर के आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में नानी बाई के मायरे की कथा का शुभारंभ हुआ । आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी अपनी ओजस्वी वाणी से भक्तों को कथा का रसास्वाद करवा रही है कथा के प्रसंग में आज भक्त नरसी की लीलाओं के ऊपर प्रवचन हुए । नरसी जन्म से सुन और बोल नहीं सकते थे जया किशोरी ने अपने आज के प्रसंग में समाज संस्कृति और सनातन को जीवित रखने के लिए युवा पीढ़ी को ईश्वर मार्ग पर चलना होगा आज की युवा पीढ़ी ईश्वर को भूलती जा रही है इसलिए बच्चों को ऐसे धार्मिक आयोजन में साथ लावे जिससे युवा पीढ़ी संस्कारवान बने । कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। कथा सुनने के लिए सत्संग भवन मंदिर प्रांगण खचाखच भर गया भीड़ अत्यधिक होने की वजह से श्रद्धालुओं ने खड़े-खड़े ही कथा श्रवण कि । कथा के अंदर बड़ी संख्या में संत महंतों ने शिरकत की । कथा वाचक जया किशोरी ने अपने चिर परिचित अंदाज में मारवाड़ी भाषा में भक्तों को कथा श्रवण कराई । श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति एवं छोटी काशी परिवार संस्था जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी सत्यनारायण गुप्ता, ललित खंडेलवाल मदनलाल सराफ रामबाबू कायथ वाल,अखिलेश अत्री,शंकर झालानी कैलाश बढ़ाया ,शीला सराफ और रमेश चंद घीया ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की व्यास पीठ पर विराजे लड्डू गोपाल की झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही । भक्तों की अपार भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रांगण के बाहर दोनों ओर दो गुना पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। कथा श्रवण करने के लिए जिले और अन्य प्रदेशों से भक्त कथा सुनने के लिए शिरकत कर रहे हैं । आराध्य देव गोविंद देव मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के कृपा सानिध्य में कथा आयोजित की जा रही है ।

शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ आज

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। वैड इन राजस्थान, ट्रैवेल इन राजस्थान और फूड इन राजस्थान की थीम पर इस साल शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री समिट एंड अवार्ड्स के सिक्स्थ एडिशन का महाकुंभ आज 29 जून 2024 रात्रि 8. 30 बजे से होटल नोवोटेल, जयपुर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान टूरिज्म, इवेंट्स और फ़ूड को पहचान व बढ़ावा देने में अहम् भूमिका निभाने वाले एक्सपर्ट्स को सम्मानित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन शुभ वेडिंग्स द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी शुभ वेडिंग्स के निदेशक, राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने दी।

राजकीय मथुरादास माथुर अस्पताल की ईसीजी टेक्निशियन एवं संविदाकर्मी 3 हजार 600 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर स्पेशल यूनिट ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर की पैरामेडिकल शाखा ईसीजी टेक्निशियन वैशाली शर्मा एवं ईसीजी टेक्नीशियन (संविदा कर्मी) पीयूष शर्मा को परिवादी से 3 हजार 600 रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर स्पेशल यूनिट टीम को परिवादी ने शिकायत दी गई कि संविदाकर्मियों की उपस्थिति कार्य दिवस से ज्यादा भेजने की एवज में पैरामेडिकल शाखा ईसीजी टेक्निशियन वैशाली द्वारा संविदाकर्मी पीयूष शर्मा के माध्यम से 3 हजार 600 रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रही है। जिस पर एसीबी की जोधपुर स्पेशल यूनिट के पुलिस उप अधीक्षक गोरधनराम के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते ईसीजी टेक्निशियन वैशाली शर्मा एवं ईसीजी टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पीयूष शर्मा को 3 हजार 600 रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को किया रेस्क्यू

पांच आरोपी गिरफ्तार पूछताछ जारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/उदयपुर । जिले की प्रताप नगर व गोवर्धन विलास थाना पुलिस की टीम ने डीएसटी के साथ मिल बड़ी कार्रवाई करते हुए बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को रेस्क्यू कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि उदयपुर शहर में होटलों एवं उपनगर क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों होने की सूचना मिलने पर डीएसटी सहित सभी थाना अधिकारियों को इन गतिविधियों पर लगाम लगाने एवं धरपकड़ के निर्देश दिए गए है। इसी दौरान थाना गोवर्धन विलास एवं प्रताप नगर क्षेत्र में इसी प्रकार की गतिविधियां होने की सूचना पर पुलिस टीम सहित डीएसटी अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

एसपी गोयल ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम द्वारा कुल 9 लड़कियों को रेस्क्यू कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई ढिकली स्थित रूद्र विहार विला में की गई। दिल्ली से लाई गई तीन महिलाओं को रेस्क्यू कर दलाल सुनील कुमार यादव पुत्र सतवीर निवासी रेवाड़ी हरियाणा एवं तारक कीर्तनीया पुत्र गोपाल निवासी कालकाजी दक्षिणी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में देबारी स्थित डायमंड गेस्ट हाउस पर छापा मार मध्य प्रदेश से लाई गई दो महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक माव राम पटेल पुत्र उदा निवासी कराकला बम्बोरा थाना कुराबड को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार पुराना आरटीओ रोड स्थित सांवरिया गेस्ट हाउस पर छापामार मध्य प्रदेश एवं दिल्ली से लाई गई चार महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक महेंद्र पटेल पुत्र केवाजी निवासी गिंगला को गिरफ्तार किया गया।

एसपी गोयल ने बताया कि इसी प्रकार बलीचा स्थित होटल सिटी प्राइड में छापा मार 6 लड़कियों को रेस्क्यू कर होटल के काउंटर पर बैठे अशोक कलाल पुत्र देवीलाल निवासी करावली जिला सलूंबर को गिरफ्तार किया गया। होटल के संचालक जयेश पाटीदार व जगदीश पटेल है। होटल से रेस्क्यू की गई लड़कियों ने बताया कि ये दोनों बाहरी लड़कियों को इवेंट में काम दिलाने का झांसा देकर उदयपुर बुलाते हैं और उनको अधिक पैसों का लालच देकर देह व्यापार के धंधे में लगा देते हैं।

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने प्रतापनगर थाने में जनसुनवाई कर किए कई मामलों का निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ शुक्रवार को प्रतापनगर थाने में जन सुनवाई की। थाने पर बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे। कमिश्नर ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। कमिश्नर ने बेवजह मामलों को अटकाने को लेकर थानाधिकारी को फटकार लगाई।

जनसुनवाई के दौरान जयपुर पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में वृत क्षेत्र सांगानेर जयपुर (पूर्व) के बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे।

गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम)एवं चौमू(जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

जयपुर में प्रथम ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया नींद से जुड़ा एक ब्रीदिंग डिसऑर्डर है। इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति की नींद में सांस रुक जाती है और उसे पता भी नहीं चलता। नींद में सांस रुकने की ये समस्या कुछ सेकंड्स से लेकर एक मिनट तक हो सकती है। प्रथम ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई। कॉन्फ्रेंस का आयोजन अध्यक्ष डॉ. मोहनीश ग्रोवर और आयोजन सचिव डॉ. राहुल नाहर, डॉ. शिवम शर्मा,डॉ. अनुपम कानोडिया, डॉ . विजय शर्मा एवं सी के बिरला हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस सम्मेलन में देश भर से 350 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भी इसमें शामिल हुए।

यह सम्मेलन ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया पर केंद्रित रहा जो एक विकार है जिसमें रात के समय श्वास रुक जाती है। यह विकार हृदयाघात, मधुमेह, कैंसर, यौन दुर्बलता जैसे गंभीर बीमारियों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। भारतीय जनसंख्या में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की घटनाएं 70त्न से अधिक हैं और यह एक छुपी हुई महामारी है जो फूटने का इंतजार कर रही है। इसके प्रति जागरूकता और सही समय पर इलाज बेहद आवश्यक है। इसके अलावा, यह खर्राटे, अत्यधिक दिन में नींद आना, सड़क दुर्घटनाएं, और बढ़ते तलाक जैसे लक्षणों का कारण भी बनता है, जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नींद शल्य चिकित्सक डॉ. श्रीनिवास किशोर ने बताया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. दीपक माहेश्वरी, प्राचार्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, थे। यह एक बहु विषयक सम्मेलन है जिसमें ईएनटी, एंडोक्राइनोलॉजी, डेंटल, पल्मोनोलॉजी, मनोचिकित्सा, चिकित्सा, गैस्ट्रो सर्जरी, और कार्डियोलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हुए हैं।

सीके बिरला हॉस्पिटल जयपुर के वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी ने कहा कि सी के बिरला हॉस्पिटल इस तरह के कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहा है जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ने के साथ ही उसके इलाज की नवीनतम तकनीकों की जानकारियां भी साझा हो सके।

मानव तस्करी और साइबर क्राइम मामले में बलवंत उर्फ बॉबी कटारिया से जुड़े स्थानों पर एनआईए ने दी दबिश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) ने मानव तस्करी और साइबर क्राइम मामले में शुक्रवार को राजस्थान सहित तीन राज्यों में सर्च किया। राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में पांच जगहों पर एनआईए ने छापेमारी कर तलाशी ली। एनआईए सर्च के दौरान आपत्तिजनक सामग्री मिली। डिजिटल उपकरण और डॉक्युमेंट को जब्त किया गया है।

एनआईए ने तीनों राज्यों में संदिग्ध लोगों और ट्रैवल एजेंट्स के ठिकानों पर तलाशी ली। जो एमबीके ग्लोबल वीजा प्राइवेट लिमिटेड के ऑनर आरोपी बलवंत उर्फ बॉबी कटारिया से जुड़े हैं। शुक्रवार को जहां-जहां सर्च की कार्रवाई की गई। सभी बलवंत कटारिया से जुड़ी हुई हैं।

एनआईए की जांच में सामने आया कि सभी संदिग्ध आरोपी मानव तस्करी के लिए लोगों को भर्ती करने और अन्य व्यवस्थाएं करवाने का काम कर रहे थे।बलवंत मानव तस्करी सिंडिकेट भारत के अंदर-बाहर, गुरुग्राम और अन्य क्षेत्रों से संचालित कर रहा है। जो लाओस (एशिया में एक देश) में स्थित साइबर फ्रॉड कंपनी के लिए पीड़ितों की भर्ती और फिर मानव तस्करी के जरिए बाहर भेजने का काम करता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

दीक्षांत समारोह में 235 ग्रेजुएट छात्रों को दिए एआईसीटीई अनुमोदित पीजीडीएम डिप्लोमा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने अपने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के लिए 17वें और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन सर्विस मैनेजमेंट (पीजीडीएम-एसएम) के लिए अपने पांचवें सालाना दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। दीक्षांत समारोह का आयोजन संस्थान के परिसर में किया गया। इस अवसर पर रमेश नटराजन, सीईओ, रेडिंगटन लिमिटेड भारत, दक्षिण एशिया और सिंगापुर- मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अपने स्वागत सम्बोधन में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन शरद जयपुरिया ने डिप्लोमा पाने वाले छात्रों को बधाई दी। 235 ग्रेजुएट छात्रों को एआईसीटीई अनुमोदित पीजीडीएम डिप्लोमा दिए गए। कार्यक्रम के दौरान मेधावी ग्रेजुएट छात्रों को मैडल भी दिए गए।

इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए रमेश नटराजन ने कहा कि छात्रों को बदलाव को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए, उन्हें नई चीज़ें सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। सफलता आपके द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह इस बात पर निर्भर करती है कि आप दूसरों को कैसे प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रभात पंकज, डायरेक्टर ने अपनी सालाना रिपोर्ट पेश की और बताया कि 17वां बैच हमारे लिए बेहद खास है, क्योंकि हमारे छात्रों को अच्छे प्लेसमेन्ट पैकेज के साथ कॉर्पोरेट जॉब्स और प्रतिष्ठित प्रोफाइल्स के साथ इंटरनेशनल प्लेसमेन्ट मिले हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान की सफलता और फैकल्टी के प्रयास क्लासरूम के दायरे से बाहर जाकर छात्रों को विभिन्न तरीकों सेलर्निंग के लिए प्रेरित करते हैं जैसे लीडरशिप लैब केस, बुक रीडिंग सैशन, लिंक्डइन लर्निंग, इंडस्ट्री इमर्ज़न प्रोग्राम आदि। छात्रों को मार्केटिंग मैनेजमेन्ट, फाइनैंस एवं अकाउन्टिंग, ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट, ऑपरेशन मैनेजमेन्ट और बिज़नेस एनालिटिक्स जैसे विषयों में डिप्लोमा दिए गए। डॉ समर साराभाई, डीन एकेडमिक्स ने मेधावी छात्रों को उनके एकेडमिक परफोर्मेन्स के लिए सम्मानित किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)